
श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

दैनिक
# यशोभूमि
अपनी भाषा, अपनी भूमि
मुंबई, ठाणे, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

3 बांद्रा-वर्ली सी लिंक व कोस्टल ...
4 अल्पसंख्यकों के लिए अलग ...
9 पलामू हादसा: एक मरा, 9 घायल
12 'ये लोग' एससी, ओबीसी का ...

वर्ष 29 । अंक 90 । मुंबई, शनिवार, 27 अप्रैल 2024
पृष्ठ 12 । मूल्य 5.00 रुपए । www.yeshobhumi.com



## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ दूसरे चरण का मतदान

**यशोभूमि/भाषा**
**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को करीब 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी आदि प्रमुख उम्मीदवार हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर शुरुआत में मतदान का बहिष्कार किया, लेकिन बाद में अधिकारियों ने उन्हें वोट देने के लिए मना लिया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच मतदान हुआ। इससे पूर्व 19 अप्रैल को पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। उसने कहा कि शाम सात बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा 60.96 प्रतिशत रहा जो सभी मतदान केंद्रों से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान के अंतिम समय में मतदान केंद्र पहुंचे मतदाताओं को बाद तक वोट डालने की अनुमति दी गई। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बड़े बहुमत का विश्वास जता रहा है, वहीं विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल 2014 और 2019 के चुनाव में हार के बाद फिर से सत्ता में लौटने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में दर्ज किया गया जहां 78.53 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके बाद मणिपुर रहा जहां 77.18 प्रतिशत लोगों ने वोट डाला। वहीं, उत्तर प्रदेश में 53.71 प्रतिशत तो महाराष्ट्र में 56.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। केरल की सभी 20 सीट, कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, शेष पृष्ठ 7 पर...

### 63 प्रतिशत से अधिक वोटिंग



## बरेली की जनता ने फूलों से किया पीएम मोदी का स्वागत

**यशोभूमि/भाषा, बरेली (उप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार शाम बरेली में एक किलोमीटर लंबा रोडशो किया और रास्ते में खड़ी उत्साही भीड़ ने हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भव्य रोड शो में काफी भीड़ जुटी। इससे पहले, बृहस्पतिवार को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बरेली के आंवला में जनसभा को संबोधित किया था। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के साथ बरेली शहर में रोड शो करने उतरे। लगभग 1.2 किलोमीटर के रोड शो के दौरान सड़क के दोनों किनारे भारी भीड़ थी। बरेली से लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार को वोट देने की अपील करने के लिए प्रधानमंत्री और शेष पृष्ठ 7 पर...



### पश्चिम बंगाल में 'कट और कमीशन' से छीनीं जा रही हैं नौकरियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 26,000 नौकरियां रद्द होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की 'कट और कमीशन' की संस्कृति के कारण नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब 'घोटालों का पर्याय' बन गई है। मोदी ने मालदा में शेष पृष्ठ 7 पर...

### दूसरा चरण एनडीए के लिए 'बहुत अच्छा' रहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग के लिए 'बहुत अच्छा' रहा है। प्रधानमंत्री ने मतदान समाप्त होने के बाद 'एक्स' पर लिखा, 'दूसरा चरण बहुत अच्छा रहा। आज देशभर में मतदान करने वालों का आभार। राजग को मिला बेजोड़ समर्थन विपक्ष को और अधिक निराश करने जा रहा है।' मोदी ने लिखा, 'मतदाता राजग का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता राजग को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के बाद भी यही बात कही थी कि सत्तारूढ़ गठबंधन को अच्छा समर्थन मिला है। उन्होंने कहा था कि यह स्पष्ट है कि भारत की जनता बड़ी संख्या में राजग के लिए मतदान कर रही है।

## एससी ने वीवीपीएटी से जुड़ी सभी याचिकाएं की खारिज

**यशोभूमि/भाषा**
**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गये वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दीं और कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर 'आंख मूंद कर अविश्वास करना' बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दीं जिनमें दोबारा मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी शामिल है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि 'लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है।' न्यायालय ने दो निर्देश जारी किये। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में चिह्न लोड करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित करने के निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों को यह अनुमति दी कि वे परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीन के 'माइक्रोकंट्रोलर' को सत्यापित कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि 'माइक्रोकंट्रोलर' के सत्यापन के लिए अनुरोध परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर किया जा सकता है लेकिन इसके लिए पहले शुल्क देना होगा।

### लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव बनाए रखना



## पांचवें चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**यशोभूमि/भाषा**
**नयी दिल्ली।** देश में 20 मई को 49 ससंदीय सीटों पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गयी। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से एक अधिसूचना जारी की जिसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी। देश में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख में 49 सीटों पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत मतदान होगा। पांचवें चरण में बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार, तीन मई नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है जबकि चार मई को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। उम्मीदवार छह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। देशभर में सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण में सबसे कम निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

## रायबरेली में भीषण सड़क हादसे में 4 बारातियों की मौत

**यशोभूमि/भाषा**
**रायबरेली।** रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन पुरवा गांव के पास शुक्रवार को तड़के बारातियों की स्कार्पियो के पहले पुलिया से और फिर पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बारात लालगंज के कटहरिन का पुरवा गांव से अमेठी जिले के फुरसतगंज गई थी और वहां से शुक्रवार को तड़के करीब तीन बजे आठ बाराती स्कॉर्पियो से वापस लौट रहे थे। रायबरेली- सुलतानपुर रोड पर मालिन का पुरवा गांव के पास गाड़ी पुलिया से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन सवार सभी लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों की सूचना पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने लालगंज निवासी पंकज पाल (30), अजबी का पुरवा निवासी राघवेंद्र यादव (50), कहरियन का पुरवा निवासी दीपक पाल (28) व अवधेश पाल (45) को मृत घोषित कर दिया। कटहरिन का पुरवा के मुकेश पाल (37), अंकुश पाल (15), ऐहार निवासी बबलू पांडेय (50), शिवा खेड़ा निवासी प्रमोद कुमार का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मिल एरिया थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### चार लोग गंभीर रूप से घायल



### सर्राफा

सोना प्रति 10 ग्राम
मुंबई 72,850 रुपए

चांदी प्रति किलो
मुंबई 84,700 रुपए

### मौसम

मुंबई 37° 28°
सुर्यास्त शनिवार 6.59 बजे
सुर्योदय रविवार 6.12 बजे

### संक्षिप्त समाचार

#### न्यायालय ने केंद्र से जवाब मांगा

**यशोभूमि/भाषा**
**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को चेंबूर स्थित अपनी रिफाइनरी से रायगढ़ तक भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के लिए 11,600 पेड़ काटने की अनुमति दिये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से याचिका पर जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने आरोप लगाया कि आर्द्र भूमि को तबाह किया जा रहा है। मेहता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह निर्देश प्राप्त करेंगे और अदालत में वापस आएंगे। शीर्ष अदालत पर्यावरण कार्यकर्ता जोरू भथेना द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## एक व्यक्ति ने ईवीएम को किया क्षतिग्रस्त

**यशोभूमि/भाषा**
**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के रामपुरी में एक मतदान केंद्र पर शुक्रवार को वोट डालने आए 26 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लोहे की एक वस्तु से क्षतिग्रस्त कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा पुलिस ने उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया, जिसने उन्हें बताया कि वह किसान और मजदूर समर्थक सरकार चाहता है। नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रीकृष्ण कोकाटे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, भैयासाहेब एडके नामक व्यक्ति स्थानीय निवासी और रामपुरी बूथ का एक पंजीकृत मतदाता है। वह अपना वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर आया था।

## प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं: राहुल गांधी

**यशोभूमि/भाषा**
**विजयपुरा/ बेल्लारी (कर्नाटक)।** कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि 'वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं।' राहुल ने भाजपा को 'भारतीय चोंबू पार्टी' करार दिया। कन्नड में लोटे को चोंबू कहते हैं। गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय और बेल्लारी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें।' प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को 'मंगलसूत्र', 'संपदा पुनर्वितरण' और 'विरासत कर' जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे।' गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है। गांधी ने कहा, 'मोदी ने केवल गरीब जनता का पैसा लूटा है। उन्होंने कुछ लोगों को ही अरबपति बनाया है। देश में करीब 22 लोग हैं जिनकी संपदा देश के 70 करोड़ लोगों की संपत्ति के समान है।



### जनता का ध्यान भटकाने का आरोप

### बिहार में आतिशबाजी से लगी आग

## एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**यशोभूमि/भाषा**
**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कुमार ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गयी। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए कहा, 'कल रात बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह शेष पृष्ठ 7 पर...

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया





संक्षिप्त समाचार

## शोरूम से 2 लाख रुपए की चोरी

यशोडेस्क

**पनवेल।** पनवेल इंडस्ट्रियल कंपनी स्थित तड़के हॉलमार्क मोटर कंपनी के शोरूम से दो लाख रुपये की चोरी हो गई। चोर शोरूम में घुसे और लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी चुरा ले गए। पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। पनवेल में हॉलमार्क कंपनी के शोरूम में रॉयल इनफील्ड के दोपहिया वाहन बेचे जाते हैं। चोर शोरूम के पीछे से लिविंग रूम के प्रवेश द्वार का ताला तोड़कर शोरूम में घुस गये।

## दो दिवसीय विधिक मार्गदर्शन शिविर संपन्न

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**पालघर।** जिले के डहाणू परिक्षेत्र में प्रयास परियोजना के तहत स्पंदन और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के निर्मला इंस्टीट्यूट द्वारा और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, ठाणे के अनुमोदन से ज्ञान ज्योति सामुदायिक कॉलेज, करजगांव में दो दिवसीय कानूनी शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में भारत के संविधान, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार एवं अधिकार, अत्याचार अधिनियम, आदिवासी भूमि अधिनियम, गोत्र अधिनियम, सूचना का अधिकार के बारे में अधिवक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु के रूप में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएँ, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म कर वीडियो बनाया

यशोडेस्क

**मुंबई।** चेंबूर में 12 साल के एक लड़के के साथ चार नाबालिगों ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। पीड़ित के पिता की शिकायत के आधार पर आरसीएफ पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों आरोपी बच्चों को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच कर रही है। चेंबूर निवासी 42 वर्षीय शिकायतकर्ता के 12 वर्षीय बेटे को आरोपी लड़के यहां एक पॉश कॉलोनी में 22 मंजिला टावर की छत पर ले गए। यहां चारों लड़कों ने पीड़ित के साथ बारी-बारी से अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। भयभीत पीड़ित ने इस घटना को किसी को नहीं बताया, लेकिन एक अज्ञात मोबाइल नंबर से पिता को बच्चे के साथ हुए दुष्कर्म का वीडियो मिला। वीडियो देखने के बाद पिता ने बेटे से पूछा तो उसने आपबीती बताई। आखिरकार पिता बच्चे को लेकर आरसीएफ थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। तदनुसार पुलिस ने मामला दर्ज किया और 13 से 16 वर्ष की आयु के सभी चारों नाबालिकों को हिरासत में लिया।


मध्य रेल

सामग्री के प्रापण हेतू

**निविदा सं. 15/2024 दिनांक 24.04.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, मुंबई डिविजन, छ.शि.म.ट., मुम्बई द्वारा निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदाएं आमंत्रित की जाती है : **निविदा सं.:** 92245189A **विवरण:** ट्रांस-रिसीवर हँडहेल्ड 5 वॉट वीएचएफ सेट जो आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 संस्करण, 2.0 या बाद के खंड 5ए या 5बी के अनुरूप है, साथ ही ओईएम अनुमोदित रिचार्जेबल बैटरी के दो सेट जिसमें एक अतिरिक्त, त्वरित बैटरी चार्जर, हेलिकल एंटीना और बेल्ट क्लिप शामिल है। अतिरिक्त आवश्यकताएँ: 1) स्पॉट फ्रीक्वेंसी-159.650 मेगाहर्टज और 160.400 मेगाहर्ट्ज। 2) बैटरी का प्रकार Ni Mh या Li-ion 3) बैटरी क्षमता - न्यूनतम 2300 एमएएच और कम से कम 10 घंटे तक काम करना चाहिए। 4) खेप के साथ सॉफ्टवेयर से लेकर प्रोग्राम तक की दो ट्यूनिंग किट उपलब्ध कराई जाएंगी। 5) वीएचएफ सेट के लिए अतिरिक्त एंटीना: कुल वीएचएफ सेट मात्रा एंटीना का 10% अतिरिक्त के रूप में प्रदान किया जाएगा। 6) वारंटी - रेडियो और रैपिड चार्जर के लिए वारंटी कम से कम 5 वर्ष और बैटरी पैक के लिए वारंटी कम से कम 1 वर्ष होगी। **मात्रा:** 251 सेट **धरोहर राशि:** रु. 52130/-**खुलने की तिथि:** 13.05.2024 **नोट** : 6. उपरोक्त निविदाएं IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** पर अपलोड कर दी गई है। फर्म, जो उपरोक्त ई-निविदा में भाग लेने के इच्छुक हों, को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त बेवसाईट पर अपना ईलेक्ट्रोनिक पंजीकरण करा लें। इस ई-निविदा के लिए हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 7. निविदाताओं को धरोहर राशि का भुगतान IREPS के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा। 8. इन निविदाओं के विवरण तथा अन्य शर्तों हेतू कृपया IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in.**देखे 9. किसी शंका हेतू कृपया वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, मुंबई डिविजन, छ.शि.म.ट. मुम्बई-400001 को लिखें । ई-मेल : srdmm@bb.railent.in 10. नोट: - " यह निविदा सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 / दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

58

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है


# उत्तर प्रदेश -बिहार के लिए चलेंगी एसी विशेष गाड़ियां

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** मध्य रेल मुंबई से उत्तर भारत के लिए अधिक ट्रेन सेवाओं की मांग को पूर्ण करने और गर्मी के सीजन के दौरान आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मध्य रेल ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई से दानापुर/गोरखपुर के बीच 8 पूर्ण वातानुकूलित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 01107 वातानुकूलित विशेष 30 अप्रैल 2024 और 04 मई 2024 को रात 11 .20 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 11.00 बजे दानापुर पहुंचेगी,



**बुकिंग आज से शुरू**

जबकि 01108 वातानुकूलित विशेष 2 मई 2024 और 6 मई 2024 को दानापुर से दोपहर 1.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 5 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या-01109 वातानुकूलित विशेष 28 अप्रैल 2024 और 02 मई 2024 को रात 11 .50 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 8.20 बजे गोरखपुर पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या-01110 वातानुकूलित विशेष 30 अप्रैल 2024 और 04 मई 2024 को गोरखपुर से सुबह 11.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 11 .15 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेगी।

यह ट्रेन दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा और बस्ती स्टेशनों पर रुकेगी।

# फिश टनल कार्निवल का आयोजन

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**कल्याण ।** कल्याण डोंबिवली क्षेत्र में मुख्य रूप से बच्चों व शहर के नागरिकों के लिए कल्याण-शील रोड पर पुराने प्रीमियम मैदान पर अंडरवाटर फिश टनल कार्निवल का आयोजन किया गया है। यह

**भारी संख्या में बच्चों की भीड़ उमड़ी**

आयोजन 25 अप्रैल से 2 जून तक चलेगा। पहले दिन ही भारी संख्या में बच्चों की भीड़ उमड़ देखने को उमड़ पड़ी। आयोजन का उद्घाटन गुरुवार को महेश पाटिल के हाथों किया गया। इस मौके पर ह.भ.प. हनुमान महाराज, लक्ष्मण पाटिल, रवींद्र पाटिल, रवि थोरवे, धनेश पाटिल, महेंद्र पाटिल, महेश हिवाले, साईराज चव्हाण प्रवीण मोरे आदि उपस्थित थे। कार्निवल का आयोजन इसलिए किया गया है ताकि माता-पिता अपने बच्चों के साथ गर्मी की छुट्टियों के दौरान अपने शहर में फिश टनल कार्निवल का आनंद ले



सकें। यहां विभिन्न प्रजातियों की सैकड़ों आकर्षक देशी- विदेशी मछलियां देखने को मिलेंगी। डोंबिवली में पहली बार ऐसी अंडरवाटर फिश टनल देखने को मिलेगा। यहां देखकर मानो प्रतीत होता है कि हम समुद्र के नीचे चल रहे हैं। यहां की आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगी मछलियां बच्चों का मन मोह रही हैं। फिश टनल कार्निवल के बारे में आयोजक महेंद्र पाटिल ने कहा कि हमारा उद्देश्य इस मेले में बच्चों के जीवन में खुशियां लाना है। इस अवसर पर महेश पाटिल ने कहा कि पानी में जाकर यह सब देखने जैसा प्रतीत होता है। मछली के नीचे की जल सुरंग पहली बार मैंने देखा है।

## राजेश पाटिल ने पालघर लोस.सीट से भरा नामांकन




यशोभूमि / प्रतिनिधि

**विरार ।** विधायक राजेश पाटिल ने शुक्रवार को पालघर सीट से बहुजन विकास आघाड़ी

**नाईक समेत कई बड़े नेता रहे मौजूद**

के लोकसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान वसई-विरार महानगर पालिका के पूर्व उप महापौर उमेश नाईक समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। यह लोकसभा चुनाव बविआ स्थानीय मुद्दों को लेकर लड़ेगी। विधायक हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि 3 से 4 दिन में चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान नालासोपारा विधायक क्षितिज ठाकुर, संघठक सचिव अजीव पाटिल, मुकेश सावे पूर्व नगराध्यक्ष, पूर्व महापौर प्रवीण शेट्टी, पंकज ठाकुर सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

यशोभूमि / भाषा

**ठाणे।** ठाणे जिले की एक अदालत ने रुपयों के लिए एक केबल ऑपरेटर की हत्या के दस साल से अधिक पुराने मामले में दो महिलाओं सहित चार लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (कल्याण) आर. जी. वाघमारे ने चार में से तीन दोषियों पर 25-25 हजार रुपये और एक पर 30,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। इस संबंध में मूल आदेश 23 अप्रैल को जारी किया गया, लेकिन इसकी प्रति बृहस्पतिवार को उपलब्ध कराई गई। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय गोसावी ने मुकदमे के दौरान अदालत को बताया कि राजा उर्फ भगवान ओचानी नाम के एक केबल ऑपरेटर ने दो महिलाओं को 10 लाख रुपये उधार दिए थे और वह अपने पैसे वापस मांग रहा था। दोनों महिलाओं ने 2013 में रुपयों के मामले पर बातचीत करने के बहाने ओचानी को अपने यहां बुलाया और भाड़े पर रखे गए दो लोगों से उसकी हत्या करवा दी। बाद में उन्होंने ओचानी के परिवार से यह कहते हुए एक करोड़ रुपये की मांग की कि वह उनके कब्जे में है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने चारों के खिलाफ आरोपों को साबित कर दिया और उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया।



**10 साल से अधिक पुराना मामला**

## दूसरे चरण की 8 सीटों पर 53.51 फीसदी मतदान

यशोभूमि प्रतिनिधि

**मुंबई।** राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 5 बजे तक चला। इस दौरान शाम 5 बजे तक 8 विधानसभा क्षेत्रों में औसतन 53.51 फीसदी वोटिंग हुई, जबकि 2019 में इन्ही सीटों पर 62.81 फीसदी मतदान हुआ था। शुक्रवार को हुए मतदान की गणना 4 जून को होगा।




**क्षेत्रवार प्रतिशत इस प्रकार**

वर्धा - 56.66 प्रतिशत
अकोला- 52.49 फीसदी
अमरावती - 54.50 प्रतिशत
बुलढाणा- 52.24 फीसदी
हिंगोली झ 52.03 प्रतिशत
नांदेड़ झ 52.47 फीसदी
परभणी -53.79 प्रतिशत
यवतमाल - वाशिम - 54.04 प्रतिशत

## मुंबई में 60 हजार संपत्तियों का पंजीकरण

यशोडेस्क

**मुंबई।** चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में मुंबई और ग्रेटर मुंबई में रियल एस्टेट उद्योग में भारी उछाल आया है। इस तीन महीने की अवधि के दौरान, 60 हजार 719 संपत्ति लेनदेन दर्ज किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 54 हजार 239 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। नागरिकों ने इस लेनदेन में ठाणे, डोंबिवली, विरार, मीरा रोड, उल्वे को सबसे अधिक पसंद किया है।

# प. रेलवे की विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें

यशोडेस्क

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर तीन जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 4.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 7 बजे रीवा पहुंचेगी। यह ट्रेन 2 मई, 2024 से 27 जून, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09130 रीवा-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे रीवा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 3 मई 2024 से 28 जून 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09121 वलसाड-दानापुर

**बुकिंग आज से शुरू**

एसी स्पेशल रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को वलसाड से रात 10 .15 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 को सुबह 11.35 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09122 दानापुर-उधना एसी स्पेशल मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 को दानापुर से दोपहर बाद 2 .35 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार 2 मई, 2024 को सुबह 3 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर




सेंट्रल, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09121 का उधना स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। ट्रेन संख्या 09557 भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को भावनगर टर्मिनस से दोपहर बाद 3 .15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 1.10 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। यह ट्रेन 3 मई, 2024 से 28 जून, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09558 दिल्ली कैंट- भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार को दिल्ली कैंट से दोपहर बाद 3 .25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 12.25 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 4 मई 2024 से 29 जून 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भावनगर परा, सीहोर गुजरात, ढोला, बोटाद, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम, चांदलोडिया बी, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी और गुड़गांव स्टेशनों पर रुकेगी।

## भाषा समिति अध्यक्ष चयनित होने पर सत्कार

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** गोवंडी स्टेशन मनपा स्कूल में शिक्षाविद् एवं बृहन्मुंबई महानगर पालिका शिक्षण विभाग के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रामहित यादव का महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक व निर्मिति अभ्यासक्रम संशोधन मंडल पुणे (बाल भारती) में हिंदी प्रथम भाषा समिति अध्यक्ष हेतु चयनित होने पर उनका मनपा स्कूलों के पूर्व अधीक्षक रामचंद्र पाण्डेय एवं चंद्रवीर यादव के नेतृत्व में सत्कार



किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपशिक्षणाधिकारी रविंद्र काले, चंद्रकेश सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजदेव सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विजय जाधव आदि उपस्थित थे।

## दोपहिया वाहनों को मारी टक्कर, दो की मौत

यशोभूमि / भाषा

**पालघर।** पालघर जिले में नशे में धुत टेंपो चालक ने दोपहिया वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकरी दी। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना बुधवार की रात वाड़ा इलाके में हुई। टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज में प्रिंसिपल का सत्कार



यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भिवंडी ।** ठाणे महानगर पालिका स्कूल नंबर 17 मुंब्रा के प्रिंसिपल सय्यद जाहिद अली, जाने-माने पत्रकार अनवारुल हक खान और सामाजिक कार्यकरता तौसीफ कोकाटे के कोकण मुस्लिम एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी आगमन पर स्वागत किया गया। वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी ने मेहमानों का उपहार और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सदिच्छा भेंट के दौरान मेहमानों ने स्कूल भवन का दौरा किया। उन्होंने पुस्तकालय, उर्दू बसेरा ऑडिटोरियम, ऑडियो-विजुअल रूम, ड्राइंग हॉल, विज्ञान प्रयोगशालाएं, बोलती दीवारें आदि का अवलोकन किया तथा प्रसन्नता व्यक्त की। मेहमानों ने विद्यालय के रखरखाव और साज-सज्जा को अनुकरणीय बताते हुए विद्यालय के संचालक मंडल, प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाऐं दीं।

**स्कूल भवन का दौरा किया**

## गोवंश की चोरी कर मांस बेचने वाले दो गिरफ्तार

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भिवंडी ।** गोवंश की चोरी कर उनका कत्ल करने के बाद उनके मांस की विक्री करने वाले एक गिरोह के दो सदस्यों को शांतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी फरार हो गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक स्कार्पियो व जिंदा गोवंश व गोवंश के मांस सहित 5 लाख 67 हजार का सामान बरामद किया है। इस घटना के बाद भिवंडी में प्रतिबंध के बावजूद गोवंश के मांस की विक्री का पर्दाफास हो गया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस के अनुसार शांतिनगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भिवंडी के खान कंपाउंड इलाके में स्थित कुछ लोग आपस में मिलकर पहले गोवंश के जानवरों की चोरी कर उसकी हत्या करने के बाद उनके मांस गफ्फु वीफ नामक दुकान में बेचने के लिए रखने वाले लोग सक्रिय हैं। इस सूचना के बाद पुलिस उक्त दुकान पर 25 अप्रैल को दोपहर में 2.20 बजे छापामार कर गैबीनगर निवासी सफरअली मोहमंद शेख उर्फ गफ्फु (36) व कोनगांव निवासी साकीब सईद मनियार (23) को हिरासत में लिया है, जबकि इनका एक साथ फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास व दुकान से स्कॉर्पिओ गाड़ी, गोवंश जानवर व उनके मांस, लोखंडी हुक, छुरा व एक छोटा चाकू सहित 5 लाख 67 हजार 400 रुपए कीमत का माल जब्त किया है।



**5 लाख 67 हजार का मांस बरामद**

## लुटे पैसे पुलिस की सहायता से मिले

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मीरा रोड ।** अपने स्मार्ट मोबाइल फोन से होटल की विभिन्न प्रकार की सभी सेवाएं, मूवी सिनेमा और यूट्यूब पर अपलोड वीडियो को लाइक करके घर बैठे निवेश करके ज्यादा रुपये कमाने का लालच देकर अज्ञात व्यक्ति ने सुनीता पवार (बदला हुआ नाम) से ऑनलाइन द्वारा सात लाख तीस हजार रुपये ठग लिए। गौरतलब है कि काशी गांव परिसर में रहने वाली पवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भा.दं.वि.सं.की धारा 420, 34 के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 (सी), 66 (डी) के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच करनी शुरू की। काशी गांव पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के प्रयास से बैंक खाते में 7 लाख 30 हजार रुपये सुनीता को पुनः प्राप्त हुए।

## नकदी लेकर नौकर फरार

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भिवंडी ।** शहर के तीनबत्ती इलाके में एक चिकन की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी ने दुकान के गल्ले से 1 लाख 9 हजार रुपया कैश चुराकर फरार हो गया।

इस मामले में निजामपुर पुलिस ने फरार चोर की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि तीन बत्ती मार्केट में असरार हाजी अहमद मोमीन के यासीन चिकन सेंटर नामक दुकान है। 23 अप्रैल की शाम 4.30 बजे दुकान में काम करने वाले गयासुद्दीन ने दुकान के गल्ले से 1 लाख 9 हजार 500 रुपए कैश की चोरी कर फरार हो गया। जिसकी जानकारी होने के बाद दुकान मालिक ने अपने नौकर पर निजामपुर पुलिस स्टेशन में चोरी का केस दर्ज कराया है।

# मनपा ने चौराहों पर लगाया हाईमास्ट लाइट

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भाईंदर ।** मीरा-भाईंदर मनपा ने शहर के सभी महत्वपूर्ण जंक्शनों पर 28 हाईमास्ट लाइट पोल लगाने के बाद से 143 स्ट्रीट लाइट को स्थायी रूप से बंद कर दिया है,

**अभी तक 3000 पोल पर एलईडी बल्ब लगे**

परिणामस्वरूप मनपा को बिजली के बिल में डेढ़ लाख रुपये की मासिक बचत होने लगी है।

बता दें कि हाईमास्ट लाइट का एक फायदा यह भी है कि चौराहे पर लगने के बाद 100 मीटर तक का क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगा जाएगा और कम रोशनी की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। शहर अभियंता दीपक खाम्बीत ने जानकारी देते हुए बताया कि मनपा अधिकार क्षेत्र में करीब 15000 स्ट्रीट लाइट पोल हैं, जिनमें से अभी तक 3000 पोल पर एलईडी बल्ब लगे होने के कारण बिजली की खपत में 40 से 50 फीसदी की बचत होने लगी है, जिसे देखते हुए मनपा प्रशासन द्वारा बाकी के सभी खंभों पर एलईडी बल्ब लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि मनपा के स्वामित्व



वाले विभिन्न स्कूल भवनों, वार्ड कार्यालयों, अस्पताल भवनों और अन्य संपत्तियों में बड़े पैमाने पर बिजली की बचत करने के उद्देश्य से ऑन ग्रिड सोलार सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है और इससे निश्चित रूप से बिजली बचाने में मदद मिलेगी, साथ ही मनपा के महत्वपूर्ण कार्यालयों में दैनिक बिजली की खपत को ध्यान में रखते हुए मेगा सोलर पावर लगाने हेतु प्रोजेक्ट कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो आरोपियों को पुलिस हिरासत

**यशोभूमि/ भाषा**

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने बांद्रा में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में पंजाब से गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को शुक्रवार को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुभाष चंद्र (37) और अनुज थापन (32) को मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। अपराध शाखा ने बृहस्पतिवार को दोनों आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया था। दोनों पर गोलीबारी करने वालों को कथित तौर पर हथियार और कारतूस मुहैया कराने का आरोप है। पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि आरोपियों की अपराध में संलिप्तता थी और उन्हें तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### कांदिवली और बोरीवली में गुरुवार को पानी बंद

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** पानी के पाइप बदलने के काम के कारण अगले सप्ताह कांदिवली और बोरीवली के कुछ इलाकों में 24 घंटे के लिए पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। गुरुवार, 2 मई को रात 10 बजे से शुक्रवार, 3 मई को रात 10 बजे तक आर दक्षिण और आर मध्य विभागों के कुछ क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। मीठ चौकी जंक्शन से महावीर नगर जंक्शन तक नई सड़क के साथ मौजूदा 1200 मिमी व्यास वाले जल चैनल को बदलने का काम चल रहा है।

### तीन प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने तीन प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पद पर एआई कुंदन को नियुक्त किया गया है। कुन्दन के साथ-साथ रणजीत सिंह देओल और अंशू सिन्हा का भी तबादला किया गया है। इडजेस अंगमो कुंदन1996 बैच के अधिकारी हैं और पहले मंत्रालय में अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में कार्यरत थे।

### आयुक्त व ठेकेदार एसो. की बैठक संपन्न

**यशोभूमि/ प्रतिनिधि**

**उल्हासनगर।** मनपा आयुक्त व ठेकेदार एसोसिएशन की मनपा मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमे एसोसिएशन द्वारा मनपा आयुक्त के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखकर उन्हें अवगत कराया गया, जिसे मनपा आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए मनपा अतिरिक्त आयुक्त व मुख्य लेखाधिकारी को निर्देश दिया कि ठेकेदारों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए। उंक्त बैठक गुरुवार को आयोजित की गई थी।

# बांद्रा-वर्ली सी लिंक व कोस्टल रोड का कनेक्शन रहा सफल

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** मुंबई महापालिका तटीय सड़क और बांद्रा -वर्ली सी ब्रिज को जोड़ने वाले पहले विशाल बीम (बो आर्च स्ट्रिंग गर्डर) को जोड़ने में सफल रहा है। महापालिका द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी मुंबई तटीय सड़क

### समुद्र में विशाल बीम की स्थापना

परियोजना (कोस्टल रोड) के हिस्से के रूप में बीम को शुक्रवार, 26 अप्रैल को सुबह 3:25 बजे जोड़ा गया। आधी रात को शुरू हुए इस कार्य के समय महापालिका आयुक्त भूषण गगरानी भी मौजूद थे। महापालिका ने खुले समुद्र में ज्वार का अनुमान लगाकर इन दोनों मार्गों को एक बीम के माध्यम से जोड़ने की योजना बनाई थी। भारत में यह पहला प्रयोग सफल होने से महापालिका के नाम एक और सम्मान जुड़ गया है। रात 2 बजे शुरू हुआ यह काम 3 बजकर 25 मिनट पर सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए भूषण गगरानी के अलावा अतिरिक्त महापालिका आयुक्त डॉ. अमित सैनी एवं महापालिका के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर गगरानी ने मुंबई कोस्टल रोड प्रोजेक्ट टीम को बधाई दी। मुंबई कोस्टल रोड प्रोजेक्ट का सबसे चुनौतीपूर्ण चरण, जो 10.58 किमी लंबा है। मुंबई कोस्टल रोड और बांद्रा -वर्ली सी ब्रिज का कनेक्शन है। इसके लिए महापालिका प्रशासन ने बेहद सुनियोजित योजना तैयार की है। इन दोनों सिरों को जोड़ने वाली पहली बीम (बो आर्च स्ट्रिंग गर्डर) को गुरुवार, 25 अप्रैल को सुबह 4 बजे बांद्रा-वर्ली सी ब्रिज के पास लाया गया। मौसम अनुकूल होने की उम्मीद में गर्डर स्थापित करने की प्रक्रिया सुबह 2 बजे से शुरू हुई। फिर बजरे की मदद से बीम को मुंबई तटीय सड़क और बांद्रा-वर्ली समुद्री पुल के बीच चरणों में लाया गया। समुद्री लहरों और हवा की गति की भविष्यवाणी करके इंजीनियरों ने अपने कौशल का परीक्षण किया और प्लेटफॉर्म को सही स्थिति में स्थापित किया। बीम के चारों कोनों पर सफेद मेटिंग कोण ठीक 3:25 बजे ठीक से फिट किए गए थे। जैसे ही सभी चार मीटिंग कॉर्नर और मीटिंग इकाइयां इकट्ठी हुईं, उपस्थित अधिकारियों, इंजीनियरों और श्रमिकों ने 'हिप हिप हुर्रे' चिल्लाया और अभियान सफल होने पर अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए ताली बजाई।



## अटल सेतु पर दौड़ रहे हैं कम वाहन

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** पिछले तीन महीनों में अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा सी ब्रिज से 21 लाख 92 हजार 466 वाहन गुजरे हैं। इस समुद्री पुल को यातायात के लिए खोलते समय मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने दावा किया था कि एक दिन में 70,000 वाहन चलेंगे, लेकिन असल में यहां से हर दिन सिर्फ 20 से 21 हजार वाहन ही गुजर रहे हैं, मुंबई से नवी मुंबई की दूरी महज कुछ मिनट में पार करने के लिए एमएमआरडीए ने देश का यह 21.80 किलोमीटर लंबा समुद्री पुल बनाया है।






# मुंबई के दोनों लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव अधिसूचना जारी

**यशोभूमि । प्रतिनिधि**

**मुंबई।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मुंबई शहर जिले के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों मुंबई साउथ सेंट्रल' और मुंबई साउथ' में मतदान 20 मई 2024 से शुरू होगा। मुंबई शहर कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी संजय यादव ने कहा कि अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गई और दोनों लोकसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र जमा करना शुक्रवार से शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना मुंबई साउथ सेंट्रल' और मुंबई साउथ' के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर और कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की गई है। नामांकन पत्र अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा 3 मई 2024 तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर किसी भी



### नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 6 मई

दिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे के बीच संबंधित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में दाखिल किया जा सकता है। मुंबई दक्षिण मध्य' लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय, कमरा नंबर 205, दूसरी मंजिल, कलेक्टर कार्यालय, मुंबई शहर, पुराना जकात घर, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा मुंबई दक्षिण' लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय, मुंबई सिटी कलेक्टर कार्यालय, ओल्ड जकात हाउस, पहली मंजिल, कमरा नंबर 132, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई से प्राप्त किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई 2024 को होगी। नामांकन फॉर्म वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 दोपहर 3 बजे तक है।

### दुर्घटना मामले में सुपरवाइजर गिरफ्तार

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** मलाड के पिंपरीपाड़ा इलाके में बुधवार को शौचालय में उतरे दो मजदूरों की मौत के मामले में दिंडोशी पुलिस ने सुपरवाइजर मनोहर नाडर (51) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस संबंध में बुधवार को मामला दर्ज किया था। मालाड (पश्चिम) क्षेत्र में रानी सती मार्ग पर एक इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को इस इमारत के परिसर में बने 40 फीट गहरे शौचालय के टैंक में कुछ मजदूर उतरे थे। ये सफाई कार्य के लिए आए थे, हालांकि काफी देर तक मजदूर बाहर नहीं आए तो अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और मजदूरों की तलाश की गई।

# राज्य में कई जगहों पर ईवीएम में आई तकनीकी खराबी, लोग हुए परेशान

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की 8 लोकसभा सीटों पर आज दूसरे चरण का मतदान हुआ।

सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई और अमरावती, अकोला तथा वर्धा में ईवीएम में तकनीकी खराबी

### मतदाताओं को करना पड़ा इंतजार

देखी गई। ऐसे में मतदाताओं को मतदान केंद्र के बाहर कुछ देर तक इंतजार करना पड़ा। ईवीएम खराब होते ही चुनाव अधिकारी सकते में आ गए।

अमरावती शहर के रुक्मिणीनगर स्थित स्कूल नंबर 19 के कमरा नंबर 5 में ईवीएम बंद हो गई। करीब 15 मिनट तक वोटिंग मशीन बंद रही। इससे मतदाता काफी परेशान हुए। मशीन में खराबी देखने को मिली। उमरा गांव के बूथ नंबर 333 पर वोटिंग मशीन अचानक बंद हो गई, इसलिए साढ़े सात बजे तक वोटिंग शुरू नहीं हुई।



आखिरकार ईवीएम में आई तकनीकी खराबी को दूर कर लिया गया, वहीं अकोला जिले के अकोट तालुका में भी ईवीएम

इसके अलावा नांदेड़ के माहुर तालुका के टाकली में मतदान केंद्र पर ईवीएम मशीन बंद हो गई।

### 3 दुकानों में आग लगी

**यशोभूमि / भाषा**

**ठाणे।** मुंब्रा में आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं और घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि आग शिल-फाटा इलाके की एक दुकान में सुबह करीब आठ बजे लगी और दो अन्य प्रतिष्ठानों में फैल गई। स्थानीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि स्थानीय अग्निशामकों और आपदा प्रबंधन कर्मियों को बचाव कार्य में लगाया गया और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## बेस्ट में 2 हजार लोग भूले मोबाइल

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** बेस्ट बसों के बेड़े में कमी के कारण बसों में इस समय यात्रियों की भीड़ है। कई बार हड़बड़ी में उतरने की आपाधापी में बेस्ट बस में मोबाइल फोन समेत कई चीजें यात्री भूल जाते हैं। इनमें सबसे ज्यादा दर भूलने वाले मोबाइलों की है, जिनमें महंगे स्मार्ट मोबाइल भी शामिल हैं। पिछले तीन साल में 2 हजार 327 यात्री बसों में अपना मोबाइल भूल गए हैं। इसमें नए साल के आखिरी तीन महीनों में 79 मोबाइल और जुड़ गए हैं। बेस्ट उपक्रम के अनुसार इन भूले हुए मोबाइलों में से एक हजार से अधिक यात्रियों को उनके मोबाइल वापस मिल गए हैं, इसलिए बेस्ट उपक्रम ने एक विज्ञापन के माध्यम से यात्रा के दौरान भूल गए महंगे मोबाइल फोन के लिए संबंधित दस्तावेज पेश करने और साथ ले जाने की अपील की है।



## चुनाव में 850 से अधिक वाहनों की जरूरत

**यशोडेस्क**

**पालघर।** आगामी पालघर लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से तैयारियां चल रही हैं। पालघर निर्वाचन क्षेत्र में

### परिवहन विभाग से की गई मांग

चुनाव कार्य के लिए 850 से अधिक वाहनों की मांग की गई है। परिवहन विभाग द्वारा मांगे गए वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध कराया जाएगा। पालघर लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होगा, फिर भी अभी से प्रशासन इस चुनाव को लेकर जोरदार तैयारी कर रहा है। चुनाव के सरकारी कार्य के लिए बड़ी संख्या में वाहनों की आवश्यकता होती है। इसके मुताबिक योजना बनाने का काम चल रहा है। पालघर में 282 जोन के 2 हजार 263 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। मतदान प्रक्रिया के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों, ईवीएम मशीनों को मतदान केन्द्र तक ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जायेगी। उनके लिए साढ़े आठ सौ से ज्यादा गाड़ियां तैयार रखी जाएंगी। इसमें बसें, मिनी बसें, जीप और अन्य वाहन शामिल हैं।

> **लोकसभा चुनाव के लिए आवश्यक वाहनों को लेकर परिवहन कार्यालय में मांग की गयी है। इसके अनुसार वाहनों के सभी पहलुओं की जांच के बाद वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। – दशरथ वाघुले, उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, वसई।**

### हाइवे पर दूध टैंकर दुर्घटनाग्रस्त

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**पालघर।** मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाडा-खड़कोना में एक दूध टैंकर पलटने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर दूध ही दूध फैल गया। जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार दोपहर करीब 12.15 बजे हुआ। दुर्घटना में टैंकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कासा पुलिस स्टेशन के अधिकारी आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

## इमारतें भी हैं तापमान में बढ़ोत्तरी की जिम्मेदार

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** मुंबईकरों को गर्मी से कुछ राहत मिलने के बाद अब एक बार फिर गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने मुंबई में लू की लाइव चेतावनी जारी की है और पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार और सोमवार को मुंबई में लू चलने की संभावना है। इस समय तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। इसके चलते मौसम

### मौसम विभाग की जानकारी

विभाग ने मुंबईकरों को चेतावनी दी है कि वे तैयार रहें क्योंकि तापमान बढ़ेगा, वहीं मुंबई में तापमान में इस बढ़ोत्तरी के लिए गगनचुंबी इमारतें भी जिम्मेदार हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 27 से 29 अप्रैल के बीच महाराष्ट्र के ठाणे, रायगढ़ जिले और मुंबई के चुनिंदा इलाकों में लू की चेतावनी दी गई है।






## किराया नकारने वाले 32 हजार रिक्शाचालकों पर कार्रवाई

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** ट्रैफिक पुलिस ने रेलवे स्टेशनों और अन्य स्थानों से नजदीक जाने वाले यात्रियों को ले जाने से इनकार करने वाले रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए गए 15 दिवसीय विशेष अभियान में भाड़ा नकारने से इनकार करने वाले 32658 ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई तथा 52189 ई-चालान की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही मुंबई में रेलवे स्टेशनों, मॉल, बस स्टेशनों और अन्य स्थानों पर लंबी दूरी का किराया लेने के लिए अन्य नियमों के उल्लंघन के मामले में रिक्शा चालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है। ऐसी कई शिकायतें मुंबई पुलिस के पास आ रही थीं, वहीं ऐसी भी शिकायतें थीं कि ड्राइवर वर्दी नहीं पहने थे, बैच और अन्य दस्तावेज नहीं रखते हैं और नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने बेलगाम वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया।



# मध्य व हार्बर रेल मार्गों पर कल मेगा ब्लॉक

**यशोडेस्क**

**मुंबई।** मध्य रेल मुंबई मंडल पर रविवार, 28 अप्रैल को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को करने के लिए मेगा ब्लॉक रहेगा। इसके तहत ठाणे-कल्याण अप और डाउन धीमी लाइन पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मेगा ब्लाक रहेगा। इसके चलते सुबह 10.43 बजे से दोपहर बाद 3.44 बजे तक मुलुंड से छूटने वाली डाउन स्लो/सेमी फास्ट सेवाओं को मुलुंड और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा, डोंबिवली स्टेशनों पर रुकेंगी। सुबह 10.36 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप स्लो/सेमी फास्ट सेवाओं को कल्याण और मुलुंड स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, डोंबिवली, दिवा, मुंब्रा, कलवा, ठाणे स्टेशनों पर रुकते हुए आगे मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा। ठाणे लोकल डाउन स्लो लाइन पर ही चलेंगी। हार्बर मार्ग पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-चूनाभट्टी/बांद्रा डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.40 बजे से शाम 4.40 बजे तक और चूनाभट्टी/बांद्रा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अप हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक मेगा ब्लाक रहेगा। हालांकि ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल और कुर्ला (प्लेटफॉर्म नंबर 8) के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक मेन लाइन और पश्चिम रेलवे के माध्यम से यात्रा करने की अनुमति है।



### प.रे.पर आज रात्रिकालीन ब्लॉक

**मुंबई, रेल पथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु 27/28 अप्रैल, 2024 की मध्यरात्रि को वसई रोड यार्ड के अप एवं डाउन दिवा लाइनों पर रात 12 .15 बजे से सुबह 3.15 बजे तक तीन घंटे का एक मेजर जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। अत: पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।**






# अल्पसंख्यकों के लिए अलग कानून बनाना चाहता है विपक्ष

**यशोभूमि/भाषा**

**बेमेतरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर मुस्लिम लीग के एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया और कहा पार्टी कह रही है कि वह अल्पसंख्यकों के लिए एक अलग कानून बनाएगी। बेमेतरा जिला

### लीग के एजेंडे पर चलने का आरोप

मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन्होंने वोट बैंक की राजनीति के कारण अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया उन्हें देश पर शासन करने का अधिकार नहीं है। बेमेतरा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां सात मई को मतदान होगा। शाह ने कहा कि ..उन्होंने (कांग्रेस) कहा है कि वे अल्पसंख्यकों के लिए अलग कानून बनाएंगे। मुझे बताओ, क्या देश को 'शरिया' के




आधार पर चलना चाहिए? क्या तीन तलाक दोबारा लागू होना चाहिए? कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग का झंडा लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा, न तो जनता आपको चुनेगी और न ही तीन तलाक दोबारा लागू होगा। मैं आज कह रहा हूं कि हम किसी को भी सीएए, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 को छूने की इजाजत नहीं देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट ने राहुल बाबा को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया था, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हुए क्योंकि उन्हें अपने वोट-बैंक का डर है। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति के कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, उन्हें देश पर शासन करने का अधिकार नहीं है। शाह ने कहा कि मोदी ने आतंकवाद को खत्म किया और देश की सुरक्षा की। उन्होंने जनता से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए दो साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा।

**मैं आज कह रहा हूं कि हम किसी को भी सीएए, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 को छूने की इजाजत नहीं देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट ने राहुल बाबा को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया था, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हुए क्योंकि उन्हें अपने वोट-बैंक का डर है।**

# बेकाबू कार ने सड़क किनारे सो रहे 11 लोगों को कुचला

**यशोभूमि/एजेंसी**

**दौसा।** दौसा जिले के महवा कस्बे में बेकाबू कार ने सड़क किनारे सो रहे 11 लोगों को कुचल दिया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। 2 घायलों का महवा के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से जख्मी 6 लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। हादसा गुरुवार की रात करीब सवा ग्यारह बजे हुआ

### 3 की मौत, 6 की हालत गंभीर

है। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची महुवा थाना पुलिस ने सभी घायलों को महुवा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से 6 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद कार चालक कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस मामले में शुक्रवार सुबह परिजनों ने मृतकों के शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने कार सवार के खिलाफ कार्रवाई, उचित मुआवजा और स्थाई मकान की मांग की है। महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे घुमंतू परिवार के लोग टीकाराम पालीवाल स्कूल



पास बनी अपनी झुग्गियों में सो रहे थे। इस दौरान एक अनियंत्रित कार झुग्गी में घुस गई, जिससे झुग्गी में सो रहे लोग कार की चपेट में आ गए। इस दौरान झुग्गी में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। झुग्गी में मौजूद महिलाएं, बच्चे और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पहुंचे, जहां उन्होंने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी ने बताया कि डॉक्टरों ने राजू (50) पुत्र पपैया सांटिया, परी (06) पुत्री दिलीप कुमार, अठोड़ी (60) पत्नी पपैया को मृत घोषित कर दिया।

**घायलों के नाम**

**वहीं टीकाराम पालीवाल स्कूल के पास झुग्गी में रहने वाले जग्गा (40) पुत्र पपैया, शनि (13) पुत्र दीपक, शेरू उर्फ मोनू (11) पुत्र पह्लाद, काजल (30) पत्नी दीपक और लक्ष्मणगढ़ निवासी दिलीप (28) पुत्र डब्बा, सीमा (25) पत्नी दिलीप को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जयपुर रेफर कर दिया। साथ ही उगंता (40) पत्नी पन्ना और प्रिया (7) पुत्री सतीश का इलाज महुवा जिला अस्पताल में किया जा रहा है।**

## संक्षिप्त समाचार

### हादसे में चार महिलाओं सहित छह की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**अनूपगढ़।** राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में शुक्रवार को एक कार ट्रक के पीछे वाले हिस्से से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रायसिंह नगर) भंवरलाल ने बताया कि खोखरावाली और सलेमपुरा के बीच एक कार ट्रक के पीछे वाले हिस्से एक टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई।

### दो महिलाओं समेत सात नक्सली गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो महिलाओं समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में चोखनपाल गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने दो महिलाओं समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

### जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की

**यशोभूमि/भाषा**

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी के लिए पहुंचे मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गरियाबंद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में आता है जहां आम चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान हो रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे पीपरछेड़ी पुलिस थाना क्षेत्र के कूड़ेरादादर गांव के एक सरकारी स्कूल में हुई, जहां चुनाव ड्यूटी के लिए सुरक्षाकर्मी पहुंचे थ

### दिल्ली का सामना मुंबई से होगा

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेऑफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरुआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते, लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई।

# अनिल टुटेजा छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के 'सरगना': ईडी

**यशोभूमि/भाषा**

**रायपुर।** सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा शराब सिंडिकेट के 'सरगना' है और यह सिंडिकेट छत्तीसगढ़ में सक्रिय था, जिससे 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध की आय अर्जित हुई। ईडी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2003 बैच के आईएएस अधिकारी टुटेजा को पिछले सप्ताह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संघीय धनशोधन रोधी एजेंसी ने गिरफ्तार किया था और



### खजाने को 'भारी नुकसान'

वर्तमान में वह ईडी की हिरासत में हैं। एजेंसी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में पाया गया कि टुटेजा छत्तीसगढ़ में सक्रिय शराब सिंडिकेट के 'सरगना' हैं। बयान में कहा गया है, 'सिंडिकेट चलाने के लिए राज्य प्रशासन के प्रबंधन में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी के साक्ष्य एकत्र किए गए हैं ।

# पिता ने शादीशुदा बेटी को पुल से नदी में फेंका

**यशोभूमि/एजेंसी**

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में विजयपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम को एक पिता ने अपनी शादीशुदा बेटी को पुल से नदी में फेंक दिया। इससे नदी में गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डूबने से हुई मौत

विजयपुर थाना पुलिस के अनुसार, घटना शाम करीब 7.30 बजे की है। यहां क्वारी नदी के पुल पर एक व्यक्ति ने अपनी शादीशुदा बेटी को नदी में फेंक दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और करीब डेढ़ घंटे रेस्क्यू के बाद रात करीब 9.30 बजे गोताखोरों ने महिला को नदी से बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

# मोटर साइकिल ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, तीन युवकों की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**जगदलपुर।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरापुर तालाब के पास बीती रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटर साइकिल ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा टकराई। हादसे में मोटर साइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा निवासी मोहम्मद इस्लाम पिता स्व. मोहम्मद रसीद (40), मोहम्मद आरिफ पिता स्व. मोहम्मद सकुर (40) निवासी दंतेवाड़ा, मोहम्मद रफीक पिता स्व. मोहम्मद मुनीर (40) निवासी दंतेवाड़ा गुरुवार को जगदलपुर के नया बस स्टैंड के पास एक परिचित के घर विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये हुए थे, जहां से रात 11 बजे वापस दंतेवाड़ा जाने के दौरान तोकापाल से आगे आरापुर



तालाब के पास गुरुवार रात्रि करीब 12 बजे युवकों की मोटर साइकिल ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा टकराई। बाईक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

# दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार को कांग्रेस के एक पूर्व विधायक के बंगले में कथित तौर पर दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के सिविल लाइंस इलाके में स्थित कांग्रेस की पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में आज सुबह करीब सात से आठ बजे के मध्य दुर्घटनावश गोली चलने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान की मृत्यु हो गई तथा एक सहायक प्लाटून कमांडर घायल हो गया।

# पोलिंग बूथ में बघेल के साथ हुई धक्का-मुक्की

**यशोभूमि/भाषा**

**राजनंदगांव।** राजनांदगांव लोकसभा सीट के टेडेसरा बूथ

### निर्वाचन आयोग के दावों की कलई खुली

### भाजपा के लोगों ने बूथ पर जाने से रोका

पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ धक्का मुक्की हुई। इसके बाद भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है की पोलिंग बूथ पर वह व्यवस्था देख रहे थे तभी अचानक भाजपा के लोगों ने उन्हें बूथ में जाने से रोका और धक्का मुक्की की है। इस दौरान पोलिंग बूथ में ही भूपेश बघेल मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए हैं। इसके बाद भूपेश बघेल ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस और निर्वाचन आयोग में इसकी शिकायत की है। इसके साथ ही भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए पंडरिया में पुलिस द्वारा लोगों को धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें शिकायतें मिली हैं कि



इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर उनकी तस्वीर आकार में अपेक्षाकृत छोटी और अस्पष्ट है। बघेल का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडे से है। बघेल ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि मतदाता फोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फोटो छोटी व अपेक्षाकृत अस्पष्ट है।

# कुएं में गिरने से मासूम की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**सीहोर।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के खोलका गांव में घर के सामने खेलते-खेलते दो वर्षीय मासूम कुएं में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी विनय सिंह ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि खोलका गांव का रहने वाला अभय राज उम्र दो वर्ष घर के सामने खेल रहा था। खेलते-खेलते घर के सामने बने कुएं में वह जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई है।

# मतदान को लेकर दूल्हा-दुल्हन में दिखा उत्साह

**यशोभूमि/एजेंसी**

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में कई प्रेरित करने वाली तस्वीर सामने आई, जहां कई जगहों से कहीं दुल्हन तो कहीं दूल्हा वैवाहिक रस्म को निभाते हुए मतदान की

### जैसे शादी जरूरी, वैसे मतदान भी जरूरी

जिम्मेदारी को भी निभाने मतदान केन्द्र पहुंचे। विवाह मंडप से मतदान करने पहुंचे दुल्हन का मतदान दलों ने मुस्करा कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। यह नजारा था महासमुंद के कलाबाई स्कूल के मतदान केंद्र का जहां मतदान करने के लिए सौ.कां. टिकेश्वरी साहू अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंची थी। 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम तय होने के बाद मतदान



की तिथि घोषित हुई जिसके चलते विवाह कार्यक्रम जारी था, दोपहर करीब 12 बजे टिकेश्वरी अपनी मां मोहिनी साहू, चाचा बाबूलाल साहू, चाची मीना साहू, बहन झरना साहू और बुआ सुशीला साहू के साथ मतदान केंद्र पहुंची। जहां मतदान दल ने मुस्करा कर उनका स्वागत किया और मतदान में भाग लेने के लिए सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। इस दौरान टिकेश्वरी ने कहा कि जैसे जीवन में शादी जरूरी है वैसे ही लोकतंत्र के लिए मतदान भी जरूरी है। वहीं कांकेर जिले के अलबेलापारा की महिला मतदाता वर्षा सिन्हा ने हल्दी रस्म के बाद मतदान करने पहुंची, आज वर्षा सिन्हा की बारात आने वाली है, बारात आने से पहले हल्दी लगी दुल्हन ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह विधानसभा 40-बसना अंतर्गत केन्द्र जम्हर 01 में हल्दी की पोशाक में दूल्हे के द्वारा मतदान कर मताधिकार का प्रयोग किया गया। मंडप से बूथ तक हल्दी के पोशाक में दूल्हे के सफर को देख ग्रामीणों ने भी सराहना की।

# निंजा गर्ल्स ने जीता लेडीज थ्रोबॉल लीग

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** जीसीएच लेडीज थ्रोबॉल प्रीमियर लीग 2024 गरवारे क्लब हाउस में आयोजित की गई और जिस में निंजा गर्ल्स ने कड़े मुकाबले में सैवेज सिस्टर्स के खिलाफ 15-6 से जीत हासिल

### राजश्री प्रेरणादायक खिलाड़ी घोषित

की। 15 से 25 अप्रैल, 2024 तक आयोजित इस टूर्नामेंट में निंजा गर्ल्स, सैवेज सिस्टर्स (द्वितीय स्थान), लेथल लेडीज़ (तीसरा स्थान), कोर्ट क्वींस, डायनामिक दिवाज़, स्मैशिंग एंजल्स, वंडर वुमेन और पिंक पैंथर्स नामक कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह विभिन्न मानकों पर प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया, जिनमें सर्वप्रथम राजश्री पुरोहित को सबसे वरिष्ठ एवं उत्साही प्रतियोगी होने के कारण प्रेरणादायक खिलाड़ी की ट्रॉफी प्रदान की। इसके अलावा साथ ही मायरा शाह और भाविका बागरी को संयुक्त रूप से उभरते



हुए खिलाड़ी की ट्रॉफी, निशिता को टीम प्लेयर का सम्मान दिया गया। शाह, श्रुति मघनानी को कैप्टन कुल, कृति अदनानी को डैशिंग डिफेंडर, जेनाई डॉक्टर को स्टार स्मैशर और माही शाह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम को गरवारे क्लब के पदाधिकारियों ने संबोधित किया, जिनमें कोषाध्यक्ष मनीष अजमेरा, उपाध्यक्ष साइरस गोरिमार के साथ जीसीएच स्पोर्ट्स के चेयरमैन मोहित चतुर्वेदी जिनके अथक प्रयास से यह टूर्नामेंट का भव्य स्वरूप ले कर और गरवारे क्लब हाउस के इतिहास में खेलों के लिए एक नई राह स्थापित किया। गरवारे क्लब के मानजिंग कमिटी के कमलेश संघवी, नरेंद्र शाह, अजय बुबना, चेतन बविशी, मनीष शाह और जनक गांधी ने पुरस्कार समारोह की शोभा बढ़ाई।


**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण**

SRA/CO/OW/२०२४/२२४३१

**सहकार कक्ष, झोपुप्रा, मुंबई**

जा. क्र. झोपुप्रा/सहनिस/कार्यासन-१/टे.सी. ६/सन २०२४

दिनांक : २६/०४/२०२४

**ऑनलाईन सोडत पद्धतीने सदनिका वाटपाची नोटीस**

**क्रांती ज्योत एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्या. सीटीएस नं. १९४ ए (पार्ट), व्हिलेज घाटकोपर, १ बी (पार्ट), व्हिलेज विक्रोळी, पंतनगर, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई- ४०००७५** या संस्थेतील झोपडीधारकांना कळविण्यात येते की, सदर संस्थेचे पुनर्वसन योजनेतील पात्र झोपडीधारकांना वाटप करण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक सहकारी संस्था (पूर्व व पश्चिम उपनगरे) झोपुप्रा, मुंबई यांचे कडील **दि. ११/१२/२०२३** रोजीचे पत्रान्वये प्राधिकरण परिपत्रक क्र. १६२, दि. २३/१०/२०१५ अंशत: बदल आदेश दिनांक ३०/०६/ २०२० नुसार संस्थेच्या पुनर्वसन इमारत विंग ए मधील एकूण १६ पात्र झोपडीधारकांना निवासी सदनिकांचे सोडत पद्धतीने वाटप करण्यासाठी मी निम्न स्वाक्षरीकार माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे. त्याअनुषंगाने या नोटीसद्वारे **एकूण १६ पात्र झोपडीधारकांसाठी सदनिका वाटप सोडतीची सभा दिनांक ०३/०५/२०२४ रोजी ठिक दुपारी १२.०० वाजता प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पद्धतीने झूम ॲप (Zoom App) वर आयोजित केलेली आहे.** प्रसिद्ध केलेल्या यादीनुसार पुनर्वसन योजनेतील पात्र झोपडीधारकांना झूम ॲप (Zoom App) वर सोडतीद्वारे निवासी सदनिकांचे वाटप करण्यात येणार आहे. त्यानुसार सोडतीच्या दहा मिनिट अगोदर खाली दिलेल्या लिंकवर विहित तारखेस लॉटरी प्रक्रियेत सहभाग घेण्यात यावा.

**विषय :** झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दि. २३/१०/२०१५ व ऑनलाईन पद्धतीने लॉटरी घेणेकामी अंशत: बदल आदेश दिनांक ३०/०६/२०२० नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पद्धतीने पुनर्वसन योजनेच्या पुनर्वसन इमारत विंग ए मधील एकूण १६ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

झूम ॲप (Zoom App) वरील लिंक : https://us04web.zoom.us/j/84446057792

**Meeting ID : 84446057792**

**Passcode : 123456**

**ठिकाण : मुंबई**

**दिनांक : २६/०४/२०२४**

सही/-
(अरुण आधव)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी १, झोपुप्रा, मुंबई.

**टिप :**

१. सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट-२ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांच्यासाठी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिकेची त्यांनी मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. **त्याबाबतचे विनंती अर्ज दि. ०२/०५/२०२४ रोजी सायंकाळी ५.०० वाजेपर्यंत प्रत्यक्ष प्राधिकृत अधिकारी यांचेकडे सादर करावेत.**


# लखनऊ के खिलाफ उतरेगा राजस्थान

**यशोभूमि/भाषा**

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा, जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिये टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं, जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं।

### रॉयल्स ने आठ मैचों में सात जीत दर्ज की

यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाये थे, जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं, जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिए जूझते दिखे हैं। चहल ने आठ मैचों में 13 विकेट लिये हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी। लगातार दो जीत के बाद केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है और इस मैच में जीतकर प्लेऑफ का उसका दावा मुख्ता हो सकता है।




# भाई ने बेटे के साथ मिलकर कर दी भाई की हत्या

**यशोभूमि/एजेंसी**

**सीहोर।** जिले के रेहटी क्षेत्र में एक ग्रामीण की जमीन विवाद को लेकर उसी के बड़े भाई और उसके बेटे ने हत्या कर दी। पुलिस ने रात 10 बजे के लगभग एफआईआर दर्ज की है और आज सुबह 5 बजे हत्या के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक शिवलाल जांगड़ा निवासी रेऊगांव ने थाना रेहटी में पुलिस को जानकारी दी कि उसके दो नाती सुनील और गोविंद है। उसके पास शासकीय कब्जे वाली 8 एकड़ कृषि भूमि है और वर्तमान में सुनील और गोविंद का जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। सुनील गौतमपुरा कॉलोनी रायसेन में परिवार सहित रह रहा है। गुरुवार शाम को रेऊ गांव में सुनील आया, उसने बड़े भाई गोविंद से कहा कि कब्जे वाली 8 एकड़ कृषि भूमि में से मुझे मेरा हिस्सा दे दो। इसी बात पर दोनों का एक किराना दुकान के सामने झगड़ा हो गया। विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

### दोनों गिरफ्तार

## संक्षिप्त समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सोनभद्र।** घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दवा स्टोर रूम में गुरुवार की देर शाम एकाएक आग लग गई। स्टोर रूम का फ्रीजर ब्लास्ट कर गया। फर्नीचर और दवाएं धूं-धूं कर जल गईं। इसकी सूचना मिलते ही सीएचसी अधीक्षक कीर्ति आजाद बिन्द तत्काल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसकी जानकारी होते ही फायर ब्रिगेड की टीम और घोरावल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझवाने में जुट गए। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि आग बुझने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितने का नुकसान हुआ है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**यशोभूमि / भाषा**

**सुल्तानपुर।** अखण्डनगर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। अखण्डनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह यादव ने शुक्रवार को बताया कि नरेन्द्र प्रसाद मिश्र (60) देर रात वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर मोटरसाइकिल पर अखण्डनगर से अलीपुर की तरफ आ रहे थे, तभी सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। यादव ने बताया कि इस दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर पलट गया, जिसमें बैठे संजय कुमार (19) की मौत हो गई।

### डीएम ने नामांकन कक्षों का किया निरीक्षण

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वीडियोग्राफी, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य सभी प्रकार की तैयारी समय से पहले पूरी कर ली जाए, ताकि नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जौनपुर लोकसभा-73 का नामांकन जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में व मछलीशहर लोकसभा-74 का नामांकन अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) की कोर्ट संख्या-14 में किया जायेगा।

### व्यापारियों को दिलाया मतदान करने का संकल्प

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए एलायंस क्लब इंटरनेशनल की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने चिलबिला स्थित उमरवैश्य धर्मशाला में जुटे व्यापारियों को मतदान करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है। इस दौरान गुलाबचन्द्र, शोभनाथ, मदनलाल, कैलाश, विश्वनाथ, हनुमान प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### शारीरिक शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**महराजगंज।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर अपने ही गांव की एक युवती का शारीरिक शोषण करने और बाद में जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था और उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी राजकुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी कोतवाल नीरज राय ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। आरोपी को चंदन नदी के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# घर में घुसकर शादीशुदा प्रेमी ने की विवाहिता की हत्या

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सुल्तानपुर।** हलियापुर थानाक्षेत्र अंतर्गत जरईकला में प्रेमी ने गुरुवार की देर रात विवाहिता

**मामा के घर गया था महिला का पति**

**साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कर रही जांच**

की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के वक्त महिला का पति घर पर नहीं था। जरईकला निवासी दिनेश पासी की शादी दो किमी दूर गौहानिया की रहने वाली सुनीता (35) के साथ हुई थी। दोनों ने पंद्रह वर्ष पूर्व लव मैरिज की थी। सुनीता के दो लड़के और एक लड़की है। परिवार में सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पड़ोस के डब्लू पासी का घर में आना-जाना बढ़ गया। कुछ



ही दिनों में सुनीता और डब्लू में काफी नजदीकियां हो गई, जिसकी चर्चा गांव में होने लगी। डब्लू भी शादीशुदा था, जब इसकी जानकारी उसकी पत्नी को हुई तो वह भी झगड़कर मायके चली गई। उधर अब सुनीता और डब्लू के मध्य अवैध रिश्ते में तल्खी आने लगी। अक्सर फोन पर दोनों में नोक-झोंक और गाली-गलौज तक होने लगी। गुरुवार की रात

**जरईकला निवासी दिनेश पासी की शादी सुनीता (35) के साथ हुई थी। दोनों ने पंद्रह वर्ष पूर्व लव मैरिज की थी। सुनीता के दो लड़के और एक लड़की है। परिवार में सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पड़ोस के डब्लू पासी का घर में आना-जाना बढ़ गया।**

दिनेश अयोध्या के अरकुना गांव में मामा के घर गया हुआ था। घर पर पत्नी सुनीता तीनों बच्चों के साथ अकेली थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी समय डब्लू घर में घुसा और गला दबाकर सुनीता की हत्या कर दी। दिनेश ने डब्लू के विरुद्ध नामजद तहरीर पुलिस में दी है। सीओ सौरभ सावंत ने बताया कि घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर हम जांच कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सरयू में शुरू होने जा रही सौर ऊर्जा से संचालित मोटर बोट

**यशोभूमि / एजेंसी**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुसार उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने



**मेक इन इंडिया के तहत किया है निर्माण**

**निर्माण में आयी है एक करोड़ की लागत**

वाली है। ये बोट जल्द सरयू नदी में संचालित होने जा रही है। देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। यह बोट पूरी तरह से स्वदेशी है और इसे मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है। आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, सरयू नदी में इलेक्ट्रिक चार्ज बेस्ड वर्किंग वाली बोट्स का भी जल्द ही संचालन शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। इस सोलर बोट में नाव निर्माता कंपनी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से पहला निर्यात ऑर्डर मिला है। इस बोट को 20 कारीगरों ने बनाया है। यह केरला के कोच्चि में बना है। बोट के ऊपर 3 किलो वाट के सोलर पैनल लगे हैं।

एक बार चार्ज करने पर 40 से 50 किलोमीटर की दूरी यह तय कर सकती है। इस बोट की लंबाई 10.600 मीटर है। बोट की लागत लगभग 1 करोड़ रुपए है।

**आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, सरयू नदी में इलेक्ट्रिक चार्ज बेस्ड वर्किंग वाली बोट्स का भी जल्द ही संचालन शुरू हो जाएगा।**

सरयू नदी में 1 हफ्ते में इसका संचालन शुरू हो जायेगा। यह पूरा प्रोजेक्ट यूपीनेडा विभाग का है।

# सड़क हादसे में दो सगी बहनों की मौत

**यशोभूमि / भाषा**

**बहराइच।** जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्राली ने सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा व एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो सगी बहनों की मौत

**पिता व भाई समेत छह लोग घायल**

हो गयी तथा उनके पिता व भाई सहित छह अन्य लोग घायल हो गये। नानपारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम विश्वनाथ गांव निवासी हबीबुर्रहमान अपने तीन बच्चों के साथ एक बाइक पर सवार होकर सड़क किनारे नानपारा-रुपईडीहा मार्ग स्थित हाड़ा बसेहरी गांव के पास




खड़े थे। उसी स्थान पर कुछ ग्रामीण ई-रिक्शा में बैठे हुए थे। इस बीच मौरंग लदी अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली ने पहले ई रिक्शा को टक्कर मारी और फिर बाइक को टक्कर मारते हुए पलट गयी। टक्कर के कारण हबीबुर्रहमान की बेटी खुशनुमा (19) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक व ई-रिक्शा सवार सात अन्य घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार की सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान खुशनुमा की बहन काज़मा (13) की भी मौत हो गयी। दुर्घटना में मृतक बहनों का पिता हबीबुर्रहमान (45) व भाई जावेद (12) सहित ई-रिक्शा सवार छह अन्य लोग घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों बहनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### दस मई को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के आहवान पर 10 मई को दिन में तीन बजे अक्षय तृतीया पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। इसको लेकर जिला कार्यालय कैंप हरबसपुर में बैठक हुई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी ने बताया कि शोभायात्रा परशुराम चौक कुल्हनामऊ तिराहे से निकाली जाएगी, जो कृषि भवन शिव मंदिर पर समाप्त होगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शुक्ला समेत पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कार से कुचलकर मां-बेटी की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज-घोरावल मार्ग पर शाहगंज थाना क्षेत्र के पिपरी नंबर दो गांव के पास गुरूवार की देर शाम कार ने बाइक सवार दंपती और दो बच्चों को कुचल दिया। हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई। वहीं पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, परिवार बाइक से घर लौट रहा था। घोरावल थाना क्षेत्र के गुरवल गांव निवासी सत्येंद्र शास्त्री (32) राजगीर मिस्त्री का काम करता है। अपनी पत्नी व दोनों बच्चों को लेकर वह रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार स्थित रिश्तेदारी में गया था। गुरुवार की देर शाम सभी बाइक से घर लौट रहे थे। पिपरी नंबर दो गांव के पास घोरावल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर छिंटककर जा गिरे। हादसे में सत्येंद्र की पत्नी दुर्गावती (28) व बेटी महिमा (6) की मौत हो गई। वहीं सत्येंद्र और पुत्र युवराज (3) को गंभीर चोट आई। शाहगंज एसओ वंदना सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। मां-बेटी के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पिता-पुत्र गंभीर घायल**

### दो बसों की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर चौराहा पर शुक्रवार को दो बसों में टक्कर हो गई, जिससे बस के चालक समेत दोनों बसों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक बस रमेश यादव निवासी रामपुर गोसाईगंज देवगाव आजमगढ़ के यहां से बारात लेकर फूलपुर वाराणसी गई थी। वहां से भोर में वापस लौट रही थी। बस जैसे ही जलालपुर चौराहा पर पहुंची, तभी एक बस बारातियों को लेकर केराकत की तरफ जाने के लिए सड़क क्रास कर रही थी, जिसके पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनो बसों के आधा दर्जन बाराती घायल हो गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**गाजीपुर।** शादियाबाद थाना क्षेत्र के सरायगोकुल गांव में गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई।

**पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां की तहरीर पर पति सहित चार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मरदह थाना के पलहीपुर गांव निवासी आरती राजभर (25) की शादी 29 मई, 2021 को सरायगोकुल निवासी जयहिंद राजभर के साथ हुई थी। मृतका की मां मैना राजभर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जब से पुत्री की शादी हुई थी, तभी से पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा था। इसके लिए कई बार महिलाओं को शांत कराया। थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका की मां मैना राजभर की तहरीर पर पति, सास, ननद



पंचायत भी हुई थी। मायके पक्ष से काफी संख्या में पहुंची महिलाओं ने गांव के बाद थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने समझा-बुझाकर आक्रोशित और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### किशोर की हत्या

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के मरहा मेजा गांव निवासी नितिन मिश्र का बेटा रितेश मिश्र अपने ननिहाल कोरांव क्षेत्र के मिश्रपुर गांव में रहता था। उसके नाना कमला मिश्र की मौत हो चुकी है। उनकी एकमात्र संतान पुत्री अर्चना थी, इसलिए कमला की मौत के बाद रितेश ननिहाल में रहता था। पड़ोस गांव पचेड़ा में आई बारात में वह दोस्तों के साथ आर्केस्ट्रा देखने गया था, जहां किशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने साथ में गये दोस्तों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के राघवपुर शुक्ल स्थित पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना का आरोपित शुक्रवार की भोर में पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार आरोपी 20 हजार का इनामी है। उसके पास से एक तमंचा, तीन कारतूस व 8500 रुपये बरामद किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर ने शुक्रवार को बताया कि शुक्रवार की भोर में पुलिस एवं बदमाश की मुठभेड़ हुई। आरोपित द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग की

**लूट की घटना का है आरोपी**



गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया, जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए सीएचसी जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया। आरोपित की पहचान नौशाद पुत्र शोएब खान निवासी धौरहरा थाना जीएनपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई। उस पर 20 हजार का इनाम घोषित है। उसके पास से एक तमंचा, तीन कारतूस व 8500 रुपये बरामद किए गए हैं।

## वाहन की टक्कर से व्यापारी की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के आनापुर छाछो मोड़ के निकट डीजे वाहन के धक्के से बाइक सवार व्यापारी की गुरुवार की रात मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बे के मंगल बाजार निवासी 42 वर्षीय आनंद अग्रहरि किराना के सामान सहित छोटी दुकानों पर परचून व अन्य छोटे-मोटे सामान की अपनी बाइक से ही आपूर्ति करते थे। गुरुवार की देर रात्रि सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार से अपनी बाइक से वसूली कर लौट रहे थे। अभी वह उक्त मोड़ के निकट पहुंचे ही थे कि डीजे वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आनंद के सिर में गंभीर चोट लग गई। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से मछलीशहर सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सक ने आनंद की नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया, किंतु जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही आनंद की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आनंद अपने छोटे से व्यवसाय से परिवार का भरण पोषण करते थे।

**बाइक से वसूली कर लौट रहा था घर**

### बैडमिंटन कोर्ट का किया गया लोकार्पण

**यशोभूमि / एजेंसी**

**भदोही।** खेलेगा युवा, मतदान करेगा युवा के तहत जिला स्टेडियम मूंसी में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया गया। डीएम विशाल सिंह ने पहली बार वोटर बने युवाओं के साथ खेलकर अधिकाधिक मतदान करने का आहवान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी व सीडीओ यशवंत कुमार सिंह ने फस्ट टाईम वोटरों, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके साथ बैडमिंटन खेला। 25 मई को मतदान के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित भी किया। आहवान किया कि गांवों, बाजारों में जाकर लोगों को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# पिकअप की चपेट में आने से छात्र की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**आजमगढ़।** अतरौलिया थाना क्षेत्र के पंडौली, नंदना के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से स्कूटी से पिता के साथ स्कूल जा रहे 12 वर्षीय

**पिता गंभीर घायल**

छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को कब्ज़े में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतरौलिया थाना क्षेत्र के अमारी गांव निवासी 12 वर्षीय प्रभास जायसवार (बेबू) अपने



पिता ब्रजेश कुमार के साथ स्कूटी से स्कूल जाने के लिए शुक्रवार की सुबह घर से निकला था। उसकी स्कूल बस चली गई थी। उसके बाद वह अपने पिता के साथ स्कूटी से ही स्कूल जा रहा था। पंडौली, नंदना के समीप अतरैठ की तरफ से बर्फ की सिल्ली लेकर आ रही पिकअप ने अनियंत्रित होकर स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे छात्र वहीं गिर गया। तभी अनियंत्रित बर्फ की सिल्ली लदी पिकअप उसके ऊपर ही पलट गई। घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### असलहे के साथ तीन बाइक चोर गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की रात मवई कला अंडर पास से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचा, चोरी की दो बाइकें बरामद की है। पकड़े गये अभियुक्त छिमिया गांव निवासी विक्की यादव, विजय यादव और वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी अभिषेक यादव है। चोरों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि दोनों बाइकें चोरी की हैं। इसे ग्राहकों को बेचने जा रहे थे।

# आग से किसानों का भूसा जलकर राख

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा के पूरे दलपत शाह में शुक्रवार की दोपहर लगी आग हवा के

**ग्रामीणों में बना रहा दहशत का माहौल**

कारण चार गांवों तक पहुंच गई। दर्जनों किसानों के खेत में रखा भूसा जल गया। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों के साथ ग्रामीणों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चार घंटे तक ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। दलपत शाह में शुक्रवार की दोपहर नहर के किनारे लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग धीरे-धीरे पूर्व दिशा की ओर चल रही हवाओं की तेज



गति के कारण आगे बढ़ने लगी। इससे आग सेमराडीह, कबीरपुर, राघवपुर गांव के किसानों के खेतों तक पहुंच गई। थोड़ी ही देर में चारों तरफ आग नजर आने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पहुंचे। आग बुझाने का प्रयास करने लगे। तेज हवा के कारण आग आगे बढ़ती रही। करीब दो बजे मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की दो और गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# अज्ञात कारणों से गांव में लगी भीषण आग

**यशोभूमि / एजेंसी**

**गोंडा।** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वाजाजोत चकिया में गुरुवार की देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे 41 लोगों की घर-गृहस्थी जलकर राख हो

**41 लोगों की घर-गृहस्थी जलकर राख**

गई। आग की चपेट में आकर एक महिला झुलस गई। उसे एक निजी अस्पताल में भेजा गया है, जबकि एक भैंस की जलने से मौत हो गई। ग्राम ख्वाजाजोत चकिया में गुरुवार की देर शाम अचानक आग की लपटें उठने लगीं। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में पूरे गांव को चपेट में ले लिया। सुंदरलाल, पन्नालाल, मुन्नालाल, सुदर्शन, नानमून, रामदीन, दयाराम, सहज राम, बधाई राम, राम कृपाल, धर्मेंद्र, सुंदरलाल, हरिराम,



सोहनलाल, पित्तीय राम, मंसाराम, आसाराम, देवी प्रसाद, विनोद कुमार, भगवती प्रसाद, पारस राम, रक्षा राम, बालक राम, घनश्याम, राम लक्ष्मण, राम बच्चन, बजरंगी, तुलाराम, सियाराम, राघव राम, अर्जुन, मेला राम, राजेंद्र प्रसाद, प्रदीप, विजय कुमार, संदीप, शैलेंद्र प्रसाद, अजय कुमार, संजय, पवन सहित 41 लोगों के फूस के मकान व पूरी गृहस्थी आग की भेंट चढ़ गई। किशोरी की एक भैंस जलकर मर गई। भैंस को बचाने के प्रयास में किशोरी की पत्नी झुलस गईं। धानेपुर इंस्पेक्टर वेद प्रकाश शुक्ल पुलिस बल के साथ पहुंचे। गोंडा व मनकापुर से दमकल बुलाई गई। अग्निशमनकर्मियों के साथ ही ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए।

**धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वाजाजोत चकिया में गुरुवार की देर शाम अचानक आग की लपटें उठने लगीं। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में पूरे गांव को चपेट में ले लिया।**



## श्रीकृष्ण उवाच

परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥

यशोभूमि

# संपादकीय

## मालदीव में जासूसी जहाज

मालदीव में एक बार फिर से चीन का जासूसी जहाज पहुंचा है। इससे भारत सहित कई पड़ोसी मुल्कों की चिंता बढ़नी लाजमी है। दरअसल मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी के संसदीय चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद माले और बीजिंग में दोस्ती और गहरी होने लगी है। भारत से दुश्मनी कर चीन की गोद में खेल रहे मालदीव में चीनी रिसर्च जहाज जियांग यांग होंग 03 वापस लौट आया है। यह वही जहाज है जो पहले भी चीन से मालदीव पहुंचा था और इसको लेकर भारत ने चिंता भी व्यक्त की थी। इस पोत पर जासूसी जहाज होने का आरोप लगता रहा है और इसी वजह से भारत, अमेरिका जैसे देशों के लिए यह जहाज टेंशन की तरह है। चीनी जासूस जहाज को मालदीव के थिलाफुशी औद्योगिक द्वीप के बंदरगाह पर खड़ा किया गया है। मुइज्जू सरकार ने जहाज की वापसी की वजह का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अपनी यात्रा से पहले जहाज को डॉक करने की अनुमति की पुष्टि की। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सीमा के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद जहाज पहली बार 22 फरवरी को पहुंचा था। लगभग छह दिन बाद रवाना होने के बाद जहाज वापस ईईजेड सीमा में चला गया था। चीनी जासूसी जहाज अब ईईजेड को पार करने के बाद वापस मालदीव आ गया है। जनवरी में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीन का दौरा किया था और फिर उसके तुरंत बाद यह जहाज चीन से निकल गया था। इससे भी भारत का संदेह बढ़ गया था। यह कोई रिसर्च नहीं कर रहा, बल्कि पनडुब्बियों से संबंधित आंकड़े जुटा रहा है। दरअसल चीनी जहाज जासूसी के लिए बदनाम रहा है। इसको एंट्री देने की इजाजत पर मालदीव के विदेश मंत्रालय ने 23 जनवरी को जारी बयान में कहा था कि चीन की सरकार द्वारा मालदीव की सरकार से पोर्ट कॉल करने और कर्मियों के रोटेशन के लिए आवश्यक मंजूरी के लिए एक राजनयिक अनुरोध किया गया था। इसमें कहीं कोई दो मत नहीं है कि मालदीव के राष्ट्रपति शुरू से यानि चुनाव जीतने के बाद से भारत को किसी न किसी रूप से या तो चिढ़ा रहे हैं या फिर चुनौती पेश करने की कोशिश करते रहे हैं। हालांकि हर बार उन्हें भारत से कड़ा जवाब मिलता रहा है। उनको समझना होगा भारत के खिलाफ जारी अभियान में वो चीन जैसे देशों का कितना भी साथ दें,उनकी मंशा पूरी नहीं होगी।

## कटाक्ष

नारा जो भी दीजिए,इतना रखिए ध्यान।
देख रहा है आज भी,सारा हिंदुस्तान।।
सारा हिंदुस्तान,कहे हे भाग्यविधाता।
वादों की बरसात फिसल जाए मतदाता।।
कह सुरेश कुछ दिनों तलक है मारी- मारा।
चार जून के बाद हूल मारेगा नारा।।

■ सुरेश मिश्र

## आपकी चिट्ठी

### पानी की कमी से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से मैं सिडको प्रशासन का ध्यान कामोठे में दिलाना चाहता हूं। यहां सेक्टर 17 और 21 की इमारतों में कम दबाव से पानी की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में पानी की कमी के चलते यहां के फ्लैट मालिकों को टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है। कामोठे नोड की जनसंख्या लगभग तीन लाख है। यहां के नागरिकों को प्रतिदिन 42 एमएलडी पानी की जरूरत होती है। सिडको कामोठे नोड के लिए एनएमएमसी से प्रतिदिन लगभग 35 एमएलडी और एमआईडीसी से 2 एमएलडी पानी खरीदता है। गर्मी के बाद नवी मुंबई में पानी की मांग बढ़ जाती है। अतः सिडको प्रशासन से विनती है कि उक्त इलाकों में पर्याप्त पानी की आपूर्ति करें। ■ **संजय पांडेय,** कामोठे



## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.30 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.43 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.59 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.11 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.37 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.53 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.58 बजे से |
| | | कुंभ | 01.44 बजे से |
| | | मीन | 03.17 बजे से |
| | | मेष | 04.48 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2024 वर्ष का 118 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 08.19 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** परिघ 03.23 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 08.19 बजे तदनन्तर बव 20.24 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 55' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871962 **जूलियन दिन** 2460427.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी, वल्लभाचार्य जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# जंगलों को आग से बचाने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी

गर्मियां शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगे हैं। एक नवंबर, 2023 से 22 अप्रैल 2024 तक वनाग्नि की 431 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं और इनसे 516.92 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। खास बात यह है कि 31 मार्च तक जंगलों में आग लगने की सिर्फ 34 घटनाएं हुई थीं और इनसे 35.25 हेक्टेयर वन क्षेत्र ही प्रभावित हुआ था लेकिन अप्रैल के 22 दिन में वनाग्नि और उससे होने वाला नुकसान करीब 13 गुना बढ़ गया। दरअसल जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर इस साल की शुरुआत में ही दिखने लगा है। देश के बड़े हिस्से में तापमान औसत से अधिक दर्ज किया गया है और इस बार तीन मार्च से ही लू या हीटवेव का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा 19 अप्रैल को जारी अखिल भारतीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 18 अप्रैल को भारत के 60 प्रतिशत से अधिक या 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। 2023 की तुलना में इस बार हीटवेव ने देश में 10 दिन पहले दस्तक दी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2023 तक, तीन राज्यों में लू या हीटवेव का सितम रहा। तीन मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक अब यह संख्या बढ़ कर 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच गई जिन्हें गर्म हवाओं ने अपने आगोश में ले लिया था। भारत में लू या हीटवेव इस सप्ताह सुर्खियां बना रहा है, 16 अप्रैल को कथित तौर पर हीटस्ट्रोक से 13 लोगों की मौत हो गई। 20 अप्रैल को प्रकाशित, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने बताया कि देश के 90 प्रतिशत लोगों को गर्मी के कारण आजीविका क्षमता, खाद्यान्न उपज, वेक्टर जनित रोग फैलने और शहरी स्थिरता में नुकसान होने का खतरा है। यहां बताते चले कि जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेव घोषित किया जाता है। कर्नाटक में साल का पहला लू का प्रकोप तीन मार्च को दर्ज किया गया था। नौ मार्च तक राज्य में चार दिन लू का कहर दर्ज किया गया था। गोवा में लू के चार दिन और गुजरात में दो दिन रहे। महीने की आखिरी लू 12 मार्च को दर्ज किया गया था। देश में 12 अप्रैल, को पश्चिम बंगाल में गंगा के अलग-अलग इलाकों में लू ने दस्तक दी। आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, ओड़िशा, पुडुचेरी, पंजाब और पश्चिम बंगाल में 12 से 18 अप्रैल तक लू का प्रकोप दर्ज किया गया। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयारी बहुत जरूरी है, विशेष रूप से क्योंकि लू के सितम के जारी रहने के आसार हैं और यह लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। मौसम विभाग द्वारा 27 अप्रैल, 2024 तक लू या लू जैसी चरम स्थितियों पर कम से कम आठ राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश में 30 अप्रैल, 2024 तक इन चरम स्थितियों के जारी रहने की आशंका जताई गई है। लोगों के स्वास्थ्य पर लू के प्रभाव को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली ऐसी चरम घटनाएं घातक भी हैं और इनसे निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी की जरूरत है। देश के कई राज्यों में जंगल में आग लगने से हजारों हेक्टेयर का जंगल तबाह हो गया, वहीं वन्य संपदा और वन्य जीवों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। जंगलों से उठी आग की लपटों ने जम्मू, उत्तराखंड, हिमाचल, राजस्थान, गुजरात, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड को आग की तपती भट्ठी बना दिया है।

**जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर इस साल की शुरुआत में ही दिखने लगा है। देश के बड़े हिस्से में तापमान औसत से अधिक दर्ज किया गया है और इस बार तीन मार्च से ही लू या हीटवेव का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा 19 अप्रैल को जारी अखिल भारतीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 18 अप्रैल को भारत के 60 प्रतिशत से अधिक या 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।**



■ **अशोक भाटिया**

# बैंकों की अंतर्निहित कमजोरियां उजागर

2008 के वित्तीय संकट ने दिखाया कि दुनिया बैंकों के अच्छे संचालन पर कितनी निर्भर है। तब से, जोखिम, लालच और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए नियामकों को कुछ सबसे बड़े संस्थानों के प्रबंधन के लिए नई शक्तियां दी गई हैं। लेकिन यह तरीका हर जगह काम नहीं आया। 11 अप्रैल 2024 को, वियतनाम में एक व्यवसायी महिला को देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक से धोखाधड़ी के जरिए ऋण के तौर पर हासिल किए गए 44 अरब अमेरिकी डालर निकालने पर मौत की सजा सुनाई गई। ट्रूओंग माई लान ने किसी को भी बैंक के 5 प्रतिशत से अधिक शेयरों का मालिक होने से रोकने वाले वियतनामी कानून को दरकिनार करके साइगॉन कमर्शियल बैंक (एससीबी) से धन निकाला। जिनमें से अधिकांश की वसूली की संभावना नहीं है। सैकड़ों फर्जी कंपनियों (अन्य तरीकों के अलावा) का उपयोग करके वह बैंक की 90 प्रतिशत से अधिक की मालिक बन गई। इस बीच, उन्होंने जो ऋण लिया (2024 के लिए वियतनाम के सकल घरेलू उत्पाद के केवल 10 प्रतिशत से कम मूल्य का) वह बैंक के संपूर्ण ऋण पोर्टफोलियो का 93 प्रतिशत था। कई मौकों पर उसने बड़ी मात्रा में नकदी निकाली, जिसे उसने अपने बेसमेंट में जमा कर रखा था। उम्मीद है कि लान अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करेगी। लेकिन बुनियादी स्तर पर, धोखाधड़ी का यह असाधारण मामला बैंकों की अंतर्निहित कमजोरियों को उजागर करता है, जो ऋणों के वित्तपोषण के लिए जमा का उपयोग करते हैं। सीधे शब्दों में कहें तो, प्रत्येक 10 पाउंड जमा के लिए, एक बैंक बंधक या कार्पोरेट ऋण के वित्तपोषण के लिए 9 पाउंड तक उधार दे सकता है, निकासी की अनुमति के लिए केवल 1 पाउंड आरक्षित रख सकता है। लेकिन जबकि जमाकर्ता सैद्धांतिक रूप से जब चाहें अपना पैसा निकाल सकते हैं, यदि वे विशेष रूप से बड़ी मात्रा में नकदी की मांग करते हैं, तो बैंक के पास इसे कवर करने के लिए पर्याप्त रिजर्व नहीं होता है।

**वियतनाम का असाधारण धोखाधड़ी मामला**

2022 में लान की गिरफ्तारी के बाद, एससीबी को बैंक रन (जब बड़ी संख्या में ग्राहक अपना पैसा निकालने की कोशिश करते हैं) का सामना करना पड़ा और बैंक तब से सरकार के नियंत्रण में हैं। इस तरह की स्थिति से बचने के लिए, अधिकांश देशों में बैंकों को सावधानीपूर्वक विनियमित किया जाता है। और वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, कई लोगों को तनाव के समय में घाटे को अवशोषित करने के लिए उच्च स्तर की पूंजी और तरलता रखने की आवश्यकता होती है।



एससीबी में जिस पैमाने पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार हुआ, वह भ्रष्ट वातावरण के वित्तीय क्षेत्र पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभाव को उजागर करता है। विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि भ्रष्टाचार बैंकिंग की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, ऋण देना कम कर सकता है और बैंकिंग संकट की संभावना बढ़ा सकता है। इस विचार को अनुसंधान द्वारा समर्थित किया गया है जो बताता है कि भ्रष्टाचार हमेशा आर्थिक रूप से विनाशकारी नहीं होता है, बल्कि वास्तव में सहायक भूमिका निभा सकता है। ■ **भाषा**

# क्या आप लंबे समय तक अकेले खुश रहेंगे?

क्या सभी एकल लोग असुरक्षित होते हैं? जब हम उन लोगों के बारे में सोचते हैं जो लंबे समय से अकेले हैं, तो हम मान सकते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि अकेले लोगों में असुरक्षाएं होती हैं, जिससे उनके लिए साथी ढूंढना या रिश्ता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या ये सच है? या क्या दीर्घकालिक एकल लोग भी सुरक्षित और खुशहाल हो सकते हैं? जर्नल ऑफ पर्सनैलिटी में प्रकाशित हमारा नवीनतम शोध सुझाव देता है कि वे ऐसा कर सकते हैं।



हालांकि, शायद आश्चर्य की बात नहीं है कि हर कोई अकेलेपन में ही सफल नहीं हो पाता। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि एक महत्वपूर्ण कारक किसी व्यक्ति की लगाव या जुड़ाव शैली हो सकती है। दुनिया भर में अकेलापन बढ़ रहा है। कनाडा में, 25 से 29 वर्ष की आयु के युवा वयस्कों के बीच एकल स्थिति 1981 में 32% से बढ़कर 2021 में 61% हो गई है। अकेले रहने वाले लोगों की संख्या 1981 में 17 लाख लोगों से बढ़कर 2021 में 44 लाख हो गई है। लोग कई कारणों से अकेले हैं: कुछ अकेले रहना पसंद करते हैं, कुछ व्यक्तिगत लक्ष्यों और आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, कुछ रिपोर्ट करते हैं कि डेटिंग कठिन हो गई है, और कुछ रिश्ता टूटने के कारण फिर से अकेले हो जाते हैं। अपने लगाव और जुड़ाव के अंदाज के कारण भी लोग अकेले रह सकते हैं। एक लोकप्रिय और अच्छी तरह से शोध किया गया माडल है कि हम अन्य लोगों के साथ कैसे संबंध बनाते हैं। अटैचमेंट थ्योरी के लिए अमेजन खोज के सैकड़ों परिणाम आते हैं। अकेले टिकटॉक पर हैशटैग, अटैचमेंटथ्योरी को 14 करोड़ से अधिक बार देखा गया है। लगाव सिद्धांत सुझाव देता है कि दूसरों के साथ हमारे रिश्ते हमारी 'चिंता' और 'बचाव' की डिग्री से आकार लेते हैं। लगाव की चिंता एक प्रकार की असुरक्षा है जो लोगों को रिश्तों के बारे में और रिश्ता टूटने के बारे में चिंतित करती है। लगाव से बचने से लोग अंतरंगता और निकटता से असहज महसूस करते हैं। जिन लोगों में लगाव की चिंता और परहेज कम होता है, उन्हें 'सुरक्षित रूप से जुड़ा हुआ' माना जाता है, और वे दूसरों पर निर्भर रहने और अंतरंगता देने और प्राप्त करने में सहज होते हैं। अकेले लोगों को अक्सर बहुत चिपकू या गैर-प्रतिबद्ध माना जाता है। एकल और युग्मित लोगों की तुलना करने वाले शोध से यह भी पता चलता है कि एकल लोगों में रिश्तों में रहने वाले लोगों की तुलना में लगाव संबंधी असुरक्षाएं अधिक होती हैं। साथ ही, सबूत बताते हैं कि कई एकल लोग अकेले रहना और खुशहाल जीवन जीना पसंद कर रहे हैं।

■ **भाषा**

## प्रसंगत:

### कस्तूरी कुंडल बसै

संसार में जन्मा प्रत्येक जीव आनंद पाना चाहता है। आनंद अर्थात सुख की प्राप्ति के लिए वह नए-नए प्रयोग करता रहता है। वह संसार के पदार्थों को आनंददायक समझकर हर क्षण उनकी प्राप्ति की लगा रहता है। कोई समझता है कि धन-संपत्ति के उपयोग से ही जुगाड़ में सुख की प्राप्ति की जा सकती है। कोई सोचता है कि पत्नी व पुत्र आनंद के स्रोत हैं। कुछ लोग शक्ति और सत्ता को आनंद का साधन मानते हैं। अधिकांश मानव बाह्य साधनों को आनंददायक मानकर अपना जीवन उनकी उपलब्धि में खपाते रहते हैं। वे सुख की खोज में पागल होकर भटकते रहते हैं। संत कबीर ने सांसारिक वस्तुओं में आनंद ढूंढ़ने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा है 'कस्तूरी कुंडल बसै, मृग ढूंढे बन माहिं। ऐसे घटि-घटि राम हैं, दुनिया देखै नाहिं॥ कस्तूरी की सुगंध की खोज में मृग जंगलों में भटकता रहता है, परंतु वह यह नहीं जानता कि सुगंध बाहर नहीं, उसकी नाभि में ही विद्यमान है। इसी प्रकार-श्रीराम रूपी सच्चा आनंद तो जीव के अंदर विद्यमान है। महर्षि याज्ञवल्क्य मैत्रेयी को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'सच्चा आनंद धन, संपत्ति, पत्नी-पुत्र से नहीं मिलता। सुख की प्राप्ति के लिए भटकना जीवन को निरर्थक बनाना है। यह आनंद सर्वकाल अपने में ही विद्यमान है। जो व्यक्ति आत्मा-परमात्मा को जान लेता है, वह हर क्षण आनंदित रहने लगता है। स्वामी विवेकानंद ने पञ्चदशी ग्रंथ में कहा है, इयं आत्मा परमानंद परम प्रेमास्पदं यत। अर्थात यह आत्मा परम आनंदस्वरुप एवं परम प्रेम का आस्पद (स्थान) है।

# वैशाख माह संकष्टी चतुर्थी: इस शुभ मुहूर्त में करें विघ्नहर्ता गणेश की पूजा

**हिंदू धर्म में पर्व त्योहारों की कमी नहीं है और सभी का अपना महत्व भी होता है लेकिन संकष्टी चतुर्थी को बेहद ही खास माना गया है जो कि हर माह में पड़ती है हर माह की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होती है वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को विकट संकष्टी चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है**



इस बार यह पर्व 27 अप्रैल को पड़ रहा है इस दिन भगवान श्री गणेश की विशेष पूजा और व्रत करने का विधान होता है माना जाता है इस दिन पूजा पाठ और व्रत करने से कार्यों में सिद्ध प्राप्त होती है और दुखों का नाश हो जाता है ऐसे में आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा विकट संकष्टी चतुर्थी की पूजा का सबसे शुभ मुहूर्त और इससे जुड़ी अन्य जानकारी प्रदान कर रहे हैं तो आइए जानते हैं।

**विकट संकष्टी चतुर्थी की तारीख और मुहूर्त :**

हिंदू पंचांग के अनुसार 27 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 17 मिनट पर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ हो जाएगा और यह तिथि 28 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 21 मिनट तक रहेगी। ऐसे में विकट संकष्टी चतुर्थी की व्रत पूजा 27 अप्रैल दिन शनिवार को किया जाएगा। वही इस दिन चंद्रोदय रात 10 बजकर 32 मिनट पर होगा। जिसके कारण उस समय से ही चंद्रमा की पूजा की जाएगी और चंद्र देव को जल अर्पित किया जाएगा। वही विकट संकष्टी चतुर्थी के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 17 मिनट से लेकर सुबह 5 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 53 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। विकट संकष्टी चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 22 मिनट से लेकर सुबह 9 बजकर 1 मिनट तक प्राप्त होगा। इस मुहूर्त में पूजा करना लाभकारी रहेगा।

## आपका राशिफल 27 अप्रैल

**मेष** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृषभ** — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। पर-प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-4-6

**तुला** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-5-7

यह दैनिक **श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स** के लिए **मुद्रक-प्रकाशक** श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे ने श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स, प्लाट नं. 7 इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 और प्लाट नं. डी- 222/1/बी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, एमआइडीसी, शिरवने, डी. वाई. पाटील स्टेडियम के सामने, मुंबई-पुणे हाइवे, नेरुल (पूर्व), नई मुंबई, थाने - 400706 में मुद्रित कर 215, दूसरा माला, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, पुराने पोस्ट ऑफिस के पास, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 में प्रकाशित किया। **संस्थापक : स्व. मुरलीधर अनंता शिंगोटे, संपादक : श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे, कार्यकारी संपादक : श्रीनारायण तिवारी*** (*पी.आर.बी. अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी।) ■ इस अंक में प्रकाशित हुई खबरों व लेखों में व्यक्त मतों से संपादक / संचालक सहमत ही होंगे ऐसा नहीं। R. N. I. No. 64822/96 ■ दूरध्वनी : (022) 27618843 ■ E-mail- yashobhumi@gmail.com ■ **मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे, नाशिक और अहमदनगर से एक साथ प्रकाशित**

## संक्षिप्त समाचार

### हापुड़ में फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**हापुड़ ।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट में जनपद हापुड़ के एक मतदान केंद्र के बाहर से शुक्रवार को फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। वह उत्तर प्रदेश सरकार लिखी चार पहिया वाहन से मतदान केंद्र पर पहुंचा था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अभियुक्त का नाम अंकित है। वह खुद को चुनाव ड्यूटी में तैनात बता रहा था। उसके पास से उत्तर प्रदेश सरकार लिखी ऑल्टो कार, एक फर्जी आईकार्ड और वर्दी बरामद मिली है। युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूल वैन पलटी तीन बच्चे घायल

**यशोभूमि /एजेंसी**

**एटा।** एटा में शुक्रवार की सुबह बच्चों को लेकर जा रही स्कूल वैन पलट गई। हादसे में तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां एक बच्चे की हालत नाजुक होने पर रेफर किया गया है। तेज रफ्तार की वजह से हादसा होना बताया जा रहा है। हादसा अलीगंज थाना क्षेत्र के अलीगंज-राई रोड पर स्थित रामसरन डिग्री कालेज के पास हुआ। वैन वीरपुर और बिलसड के बच्चों को लेकर आ रही थी। बच्चे जूनियर माडल स्कूल में पढ़ाई करते हैं।

### आग लगने से सामान जलकर राख

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**हरिद्वार।** हरिद्वार के पिरान कलियर थाना क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के परिसर की झोपड़ियों में शुक्रवार सुबह आग लग गई। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से झोपड़ियों में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के स्थल के पास ही एक पेट्रोल पंप है। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। कलियर क्षेत्र के बेडपुर चौक के समीप स्थित शान ए पंजाबी तड़का एवं रेस्टोरेंट के बाहर बनीं झोपड़ियों में गुरुवार की अलसुबह चार बजे भयंकर आग लग गई।

### खराब ईवीएम बदली गई, बीएलओ बेहोश

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**बागपत।** बागपत लोकसभा की बड़ौत विधानसभा के बूथ नंबर 275 पर ईवीएम मशीन खराब हो गई। सूचना पर टेक्नीशियन मौके पर पहुंचे और मशीन को रिप्लेस कराया गया। बागपत जिले के बागपत व बड़ौत विधानसभा में तीन बूथों पर ईवीएम मशीन खराब हो गई। जिसमें सिसाना गांव की बूथ संख्या 275, निरोजपुर एम्मा गांव की 271 व खेकडा जैन इंटर कालेज का बूथ पर मशीन खराब हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि जिस बूथ पर ईवीएम खराब होने की सूचना आई थी, उन्हें बदल दिया गया है। इसके अलावा नगर के जैन कालेज पर एक महिला बीएलओ बेहोश हो गई, जिसका इलाज कराया गया है।

### 32281.70 लाख की शराब ड्रग व नगदी जब्त

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नगदी आदि की जब्ती संबंधी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आबकारी,आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 अप्रैल, 2024 को कुल 127.51 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इस तरह 1 मार्च से 25 अप्रैल, 2024 तक कुल 32281.70 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए जा चुके हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# रोडवेज बस ने कार में मारी टक्कर, पिता की मौत, बेटा घायल

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**हमीरपुर।** तेज रफ्तार परिवहन निगम की यात्री बस ने कार में टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार पिता की दर्दनाक मौत हो

**परिजनों में मचा कोहराम**

**रोडवेज बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित**

गई। वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर मासूम को झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भिजवाया है। शुक्रवार को ज्वैलर्स की मौत से व्यापारियों में शोक, दुकानें भी बंद है। मौदहा कस्बे के नेशनल चौराहा के रहने वाले प्रदीप कुमार



सोनी (50) जाने माने ज्वैलर्स थे। वो अपनी सेन्ट्रो कार से किसी कार्यक्रम में राठ गए थे। कार में इनका बेटा तनिष्क (14) भी सवार था। पिता-पुत्र दोनों बीती देर रात राठ से वापस लौट रहे थे। जैसे ही कार राठ-हमीरपुर मार्ग में श्यामला मंदिर के पास पहुंची तभी कानपुर से यात्रियों को लेकर राठ जा रही रोडवेज बस से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे ही उड़ गए। कार खुद ड्राईव कर रहे प्रदीप सोनी स्टेयरिंग में फंस गए। हादसे की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से स्टेयरिंग में फंसे प्रदीप सोनी व उसके पुत्र को बाहर निकाला। दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने देखते ही प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत नाजुक होने पर तनिष्क को झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया

**कार खुद ड्राईव कर रहे प्रदीप सोनी स्टेयरिंग में फंस गए। हादसे की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से स्टेयरिंग में फंसे प्रदीप सोनी व उसके पुत्र को बाहर निकाला।**

गया है। बता दें कि मृतक प्रदीप सोनी के सांढू डा. सुरेश कुमार ने राठ कस्बे के सिकन्दरापुरा मुहाल में रहते हैं। हादसे की जानकारी होते ही उनके घर में कोहराम मच गया है। कार और रोडवेज बस की टक्कर होते ही बस में सवार दर्जनों यात्रियों में हड़कंप मच गया।

# कासगंज में चलती कार में लगी आग, मां-बेटा जिंदा जले

**यशोभूमि /एजेंसी**

**कासगंज।** कासगंज में शुक्रवार की तड़के भीषण हादसा हो गया। यहां चलती कार में आग लग गई। हादसे में

**पति की हालत नाजुक**

**मथुरा जा रहे थे दर्शन के लिए**

मां और ढाई माह का बेटा जिंदा जल गए। जबकि पति बुरी तरह झुलस गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई है। यह लोग मथुरा दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र के कासगंज बाईपास पर हुआ। बरेली के भमोरा थाना क्षेत्र के रफिया गंज निवासी आशीष



यादव अपनी पत्नी और ढाई माह के बच्चे के साथ मथुरा जा रहे थे।

बाईपास के पास कार में अचानक आग लग गई। तीनों लोग गाड़ी के अंदर फंस गए। वहां से निकल रहे ट्रक चालकों ने देखा तो गाड़ी करके भागकर पहुंचे। उन्होंने जैसे तैसे तीनों को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक मां-बेटे की मौत हो गई थी। आशीष की सांसें चल रहीं थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आशीष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## बीकेटीसी ने परखी बदरीनाथ धाम की तैयारियां

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**देहरादून।** श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी

**दिए आवश्यक निर्देश**

मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्था परखी। आधारभूत अस्थाई संरचनाओं के निर्माण के लिए भी निर्देश दिए। वीआईपी तथा वीवीआईपी दर्शन व्यवस्था की भी तैयारियां परखी। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार परिसर, मंदिर समिति गेस्ट हाउस, दर्शन पंक्ति, तुं ड परिसर, मंदिर मार्ग, बस टर्मिनल कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सुरक्षा में तैनात मंदिर समिति स्वयंसेवकों तथा आईटीबीपी, पुलिस के जवानों से भी मिले। बदरीनाथ-केदारनाथ दोनों धाम में मंदिर समिति की



अग्रिम दल यात्रा व्यवस्थाओं को दुरस्त कर रहा है। इस वर्ष बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई तो केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुलेंगे। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि गत 13 अप्रैल अवर अभियंता गिरीश रावत के साथ मंदिर समिति का 20 सदस्यीय अग्रिम दल मंदिर कर्मियों, स्वयंसेवकों तथा मजदूरों सहित बदरीनाथ धाम पहुंच गया था, जो मंदिर परिसर की सफाई, रंग-रोंगन, बिजली, पानी आवास आदि व्यवस्था दुरुस्त कर रहा है। वहीं अवर अभियंता विपिन कुमार सहित 20 सदस्यीय अग्रिम दल यात्रा व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर रहा है।

## बुजुर्ग महिला की गिरने से मौत

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**अमरोहा ।** अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पोलिंग बूथ से बाहर निकली बुजुर्ग महिला गिर गई। महिला की मौत हो गई है। अमरोहा नगर के मोहल्ला शिव द्वारा में बूथ नम्बर 35 पर एक बुजुर्ग महिला वोट डालने के लिए लाइन में लगी थी। कुछ देर बाद महिला वोट डालकर जैसे बाहर निकली कि वह गिर पड़ी। यह देखकर पोलिंग बूथ पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में रहने वाले खुर्शीद अहमद ने बताया कि 72 वर्षीय महिला मतदान के लिए बूथ पर गई। वोट डालकर बाहर निकली और जमीन पर गिरकर उनकी मौत हो गई।

## गेहूं की खड़ी फसल में लगी भीषण आग

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों के चलते खड़ी फसल में आग लग गई, जिसमें 14 बीघा से ज्यादा रकबा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हालांकि मौके पर पहुंचे लोगों ने भी आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद लोग आग पर काबू पाने में असमर्थ रहे।



**14 बीघा की फसल जलकर राख**

अज्ञात कारणों से लगी आग में जियाउद्दीन उर्फ बच्चा पुत्र कल्लू तथा रियाजउद्दीन पुत्र सुभानी समेत आसपास के दो किसानों की 14 बीघा से ज्यादा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई तो वहीं लगभग 50 बीघा से ज्यादा में भूसा बनाने के लिए खड़ी पराली भी जलकर राख हो गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन फायर स्टेशन में मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि अभी कोई भी गाड़ी मौके पर मौजूद नहीं है जो अन्य जगहों पर आग बुझाने के लिए गई हैं हालांकि सुमेरपुर से दमकल विभाग की गाड़ी जब तक आग बुझाने के लिए पहुंची तब तक आग ने सब कुछ नष्ट कर दिया था। उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है तथा मौका मुआयना कराकर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## पंडित बृज गोपाल व्यास का निधन

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**मुरादाबाद।** 70 वर्षों से संगीत की सेवा कर रहे पीतलनगरी के वरिष्ठ संगीतज्ञ पंडित बृज गोपाल व्यास का गुरुवार देर रात्रि में निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। थाना कटघर क्षेत्र के पचपेड़ा यज्ञशाला निवासी व वर्तमान में दिल्ली रोड नया मुरादाबाद निवासी पंडित बृज गोपाल व्यास को संगीत विरासत के रूप में अपने पिता स्वर्गीय पंडित पुरुषोत्तम व्यास से मिला था। बृज गोपाल पिछले 7 दशकों से संगीत की सेवा में समर्पित थे। वह 16 वर्ष की अल्प आयु से हारमोनियम, सितार आदि वाद्ययंत्रों का अभ्यास कर रहे थे। निरंतर अभ्यास के कारण उनकी रुचि संगीत के क्षेत्र में तेजी से बढ़ती चली गई। उन्होंने वाद्य यंत्रों के साथ गायन भी शुरू कर दिया। 25 वर्ष की आयु तक स्व श्री व्यास ने राग यमन राग भैरवी राग समाज पर उन्होंने काफी अच्छी पकड़ बना ली थी।

## 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण:महाराज

**यशोभूमि/ भाषा**

**देहरादून ।** आगामी दस मई को चारधाम यात्रा की शुरुआत से पहले ही 15 लाख से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करा चुके हैं और उत्तराखंड सरकार को उम्मीद है कि इस बार यात्रा अपने पिछले वर्ष के 56.31 लाख श्रद्धालुओं की आमद के रिकार्ड को तोड़ देगी। प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मस्व




**चारधाम यात्रा**

मंत्री सतपाल महाराज ने यहां कहा कि जिस प्रकार से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री चारधाम और हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के लिए अपना पंजीकरण करवा रहे हैं, उसे देखकर लग रहा है कि इस बार भी चारधाम यात्रा अपने पिछले रिकार्ड तोड़ देगी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 56.31 लाख श्रद्धालु प्रदेश के धामों के दर्शन के लिए आए थे जो एक रिकार्ड था।

## प्रदेश में लू तेज, घर से न निकलें बच्चे व बुजुर्ग

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**कानपुर।** मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। पूरे उत्तर प्रदेश में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलने की

**तरल पदार्थों का सेवन करें**

संभावना जताई है। इसके साथ ही गंभीर रोगी, बच्चे एवं बुजुर्ग दोपहर के समय धूप में न निकलने से बचें। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डा. एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि आगामी पांच दिन में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। ऐसा मौसम विभाग का पूर्वानुमान है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश



के मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, संभल, एटा, आगरा, समेत 18 जनपदों में गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं दूसरी तरफ पूर्वी उत्तर प्रदेश के कानपुर मंडल,फतेहपुर, कौशांबी प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर ,गाजीपुर, बलिया, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, जौनपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, सुलतानपुर समेत 34 जनपदों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने बढ़ती तपन से बचने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों से लू से बचने के लिए अपील करने साथ ही गंभीर रूप से बीमार और बच्चों एवं बुजुर्गों को दोपहर के वक्त घर से न निकलने की सलाह देने के साथ ही चेतावनी दी है कि यदि बहुत आवश्यक हो तो तभी निकलें और लू लगने से बचाव के लिए तरल पदार्थों का सेवन अवश्य करें।

## मड़ाई के समय थ्रेसर में फंसने से बालक की मौत

**यशोभूमि /एजेंसी**

**आगरा।** जिले में बृहस्पतिवार की शाम गेहूं की निकासी (मड़ाई) के दौरान कटर में फंसने से आलोक (10) की मौत हो गई। उसका शव कटर से कटकर कई टुकड़ों में बंट गया। दिल दहलाने वाला यह मंजर देख लोगों की चीखें निकल गईं। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के नयेपुरा गांव का है।

**आंखों के सामने चीथड़ों में बंट गया**

गांव निवासी किसान किशनलाल बृहस्पतिवार की शाम करीब 6:30 बजे खेत में कटर से गेहूं की निकासी करा रहे थे। परिवार के अन्य लोगों के साथ उनका बेटा आलोक भी मौजूद था। परिजन ने पुलिस को बताया कि गेहूं की निकासी के दौरान आलोक कटर की चपेट में आ गया। उसकी चीख सुनकर जब तक लोग कटर बंद करते तब तक आलोक का शव कई टुकड़ों में कट गया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने परिजन की मदद से कटर में फंसे मांस के लोथड़ों को निकाला। पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष ने बताया कि कटर में फंसने से बालक की मौत हुई है।

# जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य की राम कथा में पहुंचे बाबा रामदेव

**यशोभूमि /एजेंसी**

**मथुरा।** जिले में चल रही जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य की राम कथा में बाबा रामदेव पहुंचे। उन्होंने जगद्गुरू का

**अध्यात्म पर की चर्चा**

आशीर्वाद लेकर अध्यात्म पर चर्चा की। मथुरा में जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य की राम कथा का आयोजन हो रहा है। इसमें शुक्रवार को योग गुरु बाबा रामदेव पहुंचे। उन्होंने जगद्गुरुरू से आशीर्वाद लिया। धर्म और अध्यात्म पर चर्चा की। राम कथा पानी घाट क्षेत्र स्थित पहाड़ी बाबा भक्तमाली गौशाला में हो रही है। बताते चलें कि



इन दिनों मलूक पीठ के महंत राजेंद्र महाराज द्वारा संत मलूक दास महाराज का जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। इसके क्रम में विभिन्न उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य की राम कथा भी आयोजित हो रही है। इसमें योग गुरु बाबा रामदेव, संत रमेश बाबा पहुंचे।

## अचल प्रताप सिंह बने सीजेएम

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**आगरा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश भर में किए गए न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण के चलते न्यायिक अधिकारी अचल प्रताप सिंह को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा बनाया गया है। विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय के मामलों की सुनवाई न्यायिक अधिकारी विनीता सिंह करेंगी।

## मामा ने ब्लेड से गला रेतकर की भांजे की हत्या

**यशोभूमि /एजेंसी**

**संभल।** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा धाम कालोनी में शुक्रवार सुबह दिल दहलाने वाली घटना हुई है। यहां रिश्ते के मामा ने

**चीखने पर ईंट से कुचल दिया सिर**

भांजे कुंज (6) की ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद ईंट से सिर कुचल दिया। चीखने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। जिसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। बालक के शव को पीएम



के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। वह इस्लामनगर के एक स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ता है। बदायूं के थाना क्षेत्र गढ़ी रिसौली गांव की वर्षा बीते छह साल से चंदौसी के दुर्गाधाम कालोनी में बेटे कुंज को लेकर अपने नाना राजबल्लभ के यहां रह रही है। ससुराल में अपने पति राहुल से उसका तलाक को लेकर मुकदमा चल रहा है। शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे करीब इस्लामनगर का किशोर वर्षा का मौसेरा भाई कुंज को लेकर घर से बाहर आ गया।

## 5250 क्विंटल गेहूं हुआ जब्त

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**मुरादाबाद ।** विपणन विभाग ने जिले के अलग-अलग स्थानों से 26 ट्रैक्टर ट्रालियों में भरे करीब 5250 क्विंटल गेहूं को जब्त कर लिए। सभी जब्त वाहन मंडी समिति परिसर में खड़े कराए गए हैं। डिप्टी आरएमओ राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि अवैध भंडारण और अवैध संचरण को रोकने के लिए गुरुवार को जीरो प्वाइंट पाकबड़ा में ट्रैक्टर ट्रालियों को रोक कर तलाशी ली गई। इसके अलावा पाकबड़ा की एक गोदाम में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। पाकबड़ा क्षेत्र से 1700 क्विंटल गेहूं जब्त किया गया। पता चला कि व्यवसायी ने भंडारण का लाइसेंस भी नहीं लिया था। इसी प्रकार तहसील सदर में 2400 क्विंटल गेहूं, तहसील बिलारी में 1650 क्विंटल गेहूं, तहसील कांठ में 650 क्विंटल गेहूं, तहसील ठाकुरद्वारा में 550 क्विंटल गेहूं के वाहन पकड़े गए।

## इंजन में फंसकर महिला की मौत

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम सूरतगंज में शुक्रवार की सुबह खेत में पानी लगाने के दौरान एक महिला की साड़ी इंजन में फंस गई। सूरतगंज गांव निवासी पप्पी देवी (40) पत्नी तिलक राम मौर्या को परिजन उसे सीएचसी सूरतगंज ले गए। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# वृंदावन में सात लोग फूड प्वॉइजनिंग से बीमार

**यशोभूमि /एजेंसी**

**मथुरा।** मध्य प्रदेश से तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में घूमने आए श्रद्धालुओं के एक दल के सात लोग देर रात फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए।

**एमपी से श्रद्धालुओं का आया था दल**

उल्टी और दस्त से परेशान श्रद्धालुओं को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां 12 घंटे के उपचार के बाद स्थिति सामान्य होने पर छुट्टी दे दी गई। मध्य प्रदेश के बैतूल जिला के गांव तवाकाठी निवासी 18 श्रद्धालुओं का दल बस से मंदिरों के दर्शन करने के लिए वृंदावन आया था। वह गोशाला नगर स्थित नित्यानंद आश्रम में ठहरे। वह



पिछले तीन दिन से वृंदावन के अलावा मथुरा, गोकुल, महावन भी घूमे। इसके बाद दोपहर को वृंदावन में घूमने निकले। सभी ने बाजार में नाश्ता किया और शीतल पेय लिया। इसके बाद रात को सोने से पहले आश्रम में मिक्स दाल, चावल और रोटी खाई। बताते हैं कि देर रात करीब डेढ़ बजे अचानक सात श्रद्धालु मेघा करात (22), मंजू नायक (39), प्रभाती (52), रानी बाला (62), मंजू सालवे (56), आरती मिस्त्री (54), असीम राय (49) की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी के साथ दस्त होने पर रात को ही साथी श्रद्धालु उन्हें उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। यहां इमरजेंसी में तैनात डाक्टर शशिरंजन ने टीम के साथ उपचार किया। प्रभारी सीएमएस विनीत कुमार एवं अस्पताल प्रबंधक नंदिता सिंह मरीजों को देखने पहुंचे। शशिरंजन ने बताया कि श्रद्धालुओं के बीमार होने का कारण फूड प्वॉइजनिंग है। समय पर सही उपचार मिलने पर सभी सात लोग ठीक हो रहे हैं।

# अक्षय कुमार ने थामा हेरा फेरी और भूल भुलैया के डायरेक्टर का हाथ

अक्षय कुमार की फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। मगर लंबे समय से उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पा रही हैं। ज्यादातर फिल्में फ्लॉप ही रही हैं। अब फैंस को अक्षय की किसी धमाकेदार फिल्म का इंतजार है। तो अब उन्होंने उसी डायरेक्टर का हाथ थामने का फैसला लिया है जिसके साथ अक्षय कुमार भूल भुलैया और हेरा फेरी जैसी कॉमेडी फिल्म दे चुके हैं। 25 महीने से अक्षय कुमार ओएमजी 2 के रूप में सिर्फ एक हिट फिल्म दे पाए हैं। ऐसे में उनके लिए बॉक्स ऑफिस पर तीर निशाने पर लगना बेहद जरूरी है। अक्षय कुमार एक बार फिर प्रियदर्शन के साथ मिलकर दर्शकों को डराने और हंसाने के लिए तैयार हैं। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ फिल्म कंफर्म कर दी है। एक बातचीत में प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ सबसे बड़ी हॉरर फिल्म करने पर मुहर लगा दी है। उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि हाल ही में उन्होंने राम मंदिर पर बनी डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग खत्म की है। जल्द ही ये डॉक्यूमेंट्री रिलीज होगी और अब वो अक्षय कुमार के साथ काम करने जा रहे हैं। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ इस फिल्म के बारे में बताया कि उनकी पहली हॉरर फिल्म साइकोलॉजिकल थ्रिलर थी। ये फिल्म फैंटसी, जादू के बैकड्रॉप पर होगी। जिसे उन्होंने पुरानी हॉरर फिल्मों जैसा कहा गया है। प्रियदर्शन जल्द ही इस फिल्म की अक्षय कुमार के साथ शूटिंग शुरू करेंगे। इस तरह अक्षय कुमार उम्मीद कर सकते हैं कि वह इस फिल्म के साथ एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अपनी खो चमक वापस पा सकेंगे। प्रियदर्शन और अक्षय कुमार ने साथ में कई फिल्मों में काम किया है। जिसमें हेरा फेरी, भुल भुलैया, गरम मसाला, भागम भाग जैसी कई फिल्में शामिल हैं। अब 14 साल बाद दोबारा ये जोड़ी साथ में काम करेगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार आखिरी बार टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे।





# विद्या बालन ने स्मोकिंग को लेकर कही ये बातें

विद्या बालन बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं जो अपने किरदारों को पूरी शिद्दत के साथ करना पसंद करती हैं। इसकी मिसाल उनकी कई फिल्में हैं। लेकिन सिल्क स्मिता की जिंदगी को उन्होंने जब परदे पर लिया तो हर किसी को अपने एक्टिंग स्किल्स से उन्होंने हैरान कर दिया। वह अपने किरदार में पूरी तरह उतर गईं और फिल्म में कहीं भी विद्या बालन नजर ही नहीं आती हैं बल्कि दिखती है तो सिर्फ सिल्क स्मिता। लेकिन आप जानते हैं कि द डर्टी पिक्चर के बाद उन्हें स्मोकिंग की लत लग गई थी। यही नहीं, विद्या बालन ने बताया कि उन्हें स्मोकिंग बेहद पसंद भी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में विद्या बालन ने स्मोकिंग को लेकर कई तरह की बातें बताई हैं। विद्या बालन ने इंटरव्यू में द डर्टी पिक्चर में सिल्क स्मिता के किरदार और स्मोकिंग को लेकर बताया, 'मैंने शूटिंग से पहले भी स्मोक किया था। मैं जानती थी सिगरेट कैसे पी जाती है लेकिन मैं स्मोकिंग करती नहीं थी। आप समझ ही सकते हैं। लेकिन कैरेक्टर के लिए, आप सिर्फ एक्टिंग नहीं कर सकते हैं। मुझे वह झिझक नहीं हो सकती थी क्योंकि धूम्रपान करने वाली महिलाओं के बारे में एक निश्चित धारणा होती है। अब उतनी नहीं, लेकिन पहले बहुत ज्यादा थी।' जब विद्या बालन से पूछा गया कि क्या वह आज भी स्मोकिंग करती हैं तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मुझे नहीं लगता कि मुझे यह बात कैमरे पर कहनी चाहिए, लेकिन मुझे स्मोकिंग पसंद है। अगर आप मुझसे कहें कि सिगरेट से कोई नुकसान नहीं होने वाला है तो मैं स्मोकर बन जाऊंगी। मुझे स्मोक की स्मेल बहुत पसंद है। यहां तक कि अपने कॉलेज के दिनों में मैं बस स्टॉप पर उन लोगों के पास जाकर बैठ जाती थी जो स्मोक कर रहे होते थे। द डर्टी पिक्चर के बाद, मुझे सिगरेट की लत लग गई थी। मैं 2-3 सिगरेट रोजाना पीने लगी थी।' विद्या बालन बॉलीवुड की सधी हुई अदाकारा हैं और रोल के लिए कई बार अपने कम्फर्ट लेवल से बाहर भी आना पड़ता है।

# आरव संग लंदन में फुल-ऑन पार्टी मूड में दिखीं न्यासा



बॉलीवुड स्टार किड्स को लेकर फैंस हमेशा ही उत्साहित रहते हैं। सोशल मीडिया पर कई स्टार किड्स की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। ऐसे में अगर अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन की बात करें तो वो हमेशा ही खबरों में छाई रहती हैं। न्यासा ने अभी तक भले ही अपना बॉलीवुड डेब्यू नहीं किया है, लेकिन फैन फॉलोइंग में वो बड़ी स्टार्स को मात देती हैं। इसी बीच अब न्यासा की एक तस्वीर इंटरनेट पर चर्चा में आई है। इस तस्वीर में न्यासा बॉलीवुड के सुपरस्टार के बेटे के साथ पार्टी मूड में नजर आ रही हैं। अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा देवगन को अक्सर पार्टी करते दिखा जाता है। ऐसे में एक बार फिर से न्यासा की एक तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में न्यासा बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार के बेटे आरव कुमार और ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी के साथ नजर आ रही हैं। न्यासा देवगन और आरव कुमार को लंदन के एक रेस्तरां में साथ पार्टी की। इस तस्वीर में तीनों खड़े होकर पोज देते दिख रहे हैं। इस दौरान न्यासा हमेशा की तरह ही आने हॉट लुक और कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। तीनों ही कैमरे की ओर फोकस करते दिखे।



# रेखा ने ऋचा चड्ढा के बेबी बंप पर किया किस





बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रेखा ने कुछ ऐसा किया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी लेकिन उनका ये स्वीट जेस्चर दिखाता है कि वो अपने जानने वालों की कितनी कद्र करती हैं और उन्हें कितना प्यार करती हैं। अगर तस्वीर देखकर आप पहचान नहीं पाए हैं तो बता दें कि रेखा इस वक्त ऋचा चड्ढा के साथ हैं। इंटरनेट पर इनकी इस छोटी से मुलाकात का एक वीडियो शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में आप देखेंगे कि पहले तो रेखा ऋचा को समझाती नजर आती हैं बाद में झुकते हुए उनके बेबी बंप पर किस करती हैं। रेखा को ऐसा करते देख खुद ऋचा बेहद इमोशनल हो जाती हैं। उन्हें शायद उम्मीद नहीं थी कि रेखा कुछ ऐसा करने वाली हैं लेकिन रेखा ने यहां दिल जीत लिया। वीडियो इंटरनेट पर आया तो सोशल मीडिया यूजर्स रेखा की तारीफ किए नहीं थक रहे। सोशल मीडिया पर एक फैन ने लिखा, सो स्वीट रेखा जी। एक ने लिखा, रेखा जी में कितना प्यार और अपनापन है। एक फैन बोला, रेखा जी बहुत ही साफ दिल की हैं। एक ने लिखा, रेखा जी बहुत प्यारी हैं वो हमेशा हर किसी के साथ बहुत ही प्यार से पेश आती दिखती हैं। भगवान उन्हें खुश रखे और सेहत हमेशा दुरुस्त रखे। बता दें कि ऋचा चड्ढा ने 9 फरवरी को अनाउंस किया था कि वो मां बनने वाली हैं।

# कान्स में 48 साल बाद होगा स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर

स्मिता पाटिल भारतीय मनोरंजन जगत में एक लोकप्रिय और सम्मानित नाम है। आज भी जब स्मिता पाटिल का नाम लेते ही जो बात दिमाग में आती है वह है उनकी भावपूर्ण आंखें और उनकी बेहतरीन अदाकारी। स्मिता पाटिल की कई फिल्में फैंस को याद हैं। स्मिता के फैंस के लिए एक अच्छी खबर ये है कि 48 साल बाद स्मिता की मशहूर फिल्म का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस पर अमिताभ ने खुशी जाहिर की। स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगा। श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म मंथन साल 1976 की बेहतरीन फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में स्मिता पाटिल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके अलावा इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए। स्मिता की फिल्म 'मंथन' मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए गुजरात के लगभग 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपये का योगदान दिया। अमिताभ बच्चन जैसे ही उन्हें इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने ट्विटर पर अपनी खुशी जाहिर की।





# आरती सिंह की शादी में पहुंचे 'मामा' गोविंदा

मशहूर एक्ट्रेस आरती सिंह हाल ही में दीपक चौहान के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। हाल ही में इस कपल की शादी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस मौके पर आरती सिंह लाल लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। आरती का ब्राइडल लुक देखकर हर कोई उनकी तारीफ करता नजर आ रहा है। ऐसे में आरती के चाचा गोविंदा ने शादी में शामिल होकर सभी को चौंका दिया है। उनके आने से भाई-बहन आरती और कृष्णा अभिषेक समेत सभी लोग बेहद खुश हैं। आरती सिंह की शादी में सबको जिस शख्स का इंतजार था वो थे एक्ट्रेस के मामा यानी एक्टर गोविंदा। आखिरकार अभिनेता गोविंदा ने अपने मामा होने का फर्ज निभा दिया है। आरती सिंह की शादी में गोविंदा बेहद खुशी के साथ शामिल हुए।

# गर्मी में चेहरे पर करें ग्रीन टी से बनी आइस क्यूब्स से मसाज, स्किन को मिलेंगे कई फायदे

**गर्मी की शुरूआत हो चुकी है। इस मौसम में स्किन को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। गर्मी, धूप और टैनिंग की वजह से स्किन का रंग डार्क होने के साथ रेडनेस और स्किन का ग्लो भी काफी कम हो जाता है।**



अक्सर लोग इन समस्याओं को दूर करने के लिए चेहरे पर कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने लगते हैं। ये प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार मन मुताबिक रिजल्ट भी नहीं देते हैं। ऐसे में गर्मी में स्किन की देखभाल करने के लिए आइस क्यूब को लगाया जा सकता है। आइस क्यूब स्किन को ठंडक देने के साथ स्किन में कसावट लाने में मदद करती है और स्किन को चमकदार बनाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सादे पानी के बजाए गर्मी में ग्रीन टी की आइस क्यूब बनाकर चेहरे पर मसाज की जा सकती हैं। ग्रीन टी में विटामिन ई पाया जाता है, जो स्किन को पोषण देता है और उसे अंदरूनी तौर पर रिपेयर करता है। आइए जानते हैं नोएडा के दिव्या ब्यूटी सैलून की दिव्या से चेहरे पर ग्रीन टी आइस क्यूब रगड़ने के फायदों के बारे में।

### ग्रीन टी आइस क्यूब बनाने का तरीका

**सामग्री-** 2- ग्रीन टी के बैग, 1/2 कप- पानी

### ग्रीन टी आइस क्यूब कैसे बनाएं

ग्रीन टी आइस क्यूब बनाना काफी आसान है। ये 2 से 3 घंटों में आसानी से तैयार हो जाती है। इसको बनाने के लिए पानी को अच्छे से गर्म करें। अब इस पानी को कप में डालने के बाद ग्रीन टी के बैग को 10 मिनट तक कप में रहने दें। अब इस पानी को आइस ट्रे लेकर इसमें डाल दें और फ्रिजर में कुछ देर जमने के लिए रखें। आपकी ग्रीन टी आइस क्यूब तैयार हैं।



### ग्रीन टी आइस क्यूब कैसे लगाएं

ग्रीन टी को लगाने के चेहरे को क्लिन कर लें। अब चेहरे पर ग्रीन टी आइस क्यूब को लेकर हल्के हाथ से मसाज करें। अगर आइस क्यूब ज्यादा ठंडी लग रही है, तो इसे कॉटन के कपड़े में लपेटकर हल्के हाथ से मसाज करें। आइस क्यूब को लगाने के बाद इसे 10 से 15 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। उसके बाद चेहरे को पानी से वॉश करें। इस आइस क्यूब सुबह उठने के बाद लगाने से रिजल्ट जल्दी दिखने को मिलते हैं।

### ग्रीन टी आइस क्यूब लगाने के फायदे

- ग्रीन टी आइस क्यूब लगाने से ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है और बनती है।
- ग्रीन टी आइस क्यूब लगाने से टैनिंग से छुटकारा मिलता है।
- ग्रीन टी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स बैक्टीरिया कम कम करके पिंपल्स को होने से रोकता है।
- ग्रीन टी फाइन लाइन्स की समस्या को कम करने के साथ स्किन को जवां बनाती हैं।
- ग्रीन टी आइस क्यूब आंखों के नीचे पफीनेस को कम करने के साथ डार्क सर्कल्स से राहत देती है।

चेहरे पर ग्रीन टी आइस क्यूब रगड़ने से कई फायदे मिलते हैं। हालांकि, इनको चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

# थायराइड ग्लैंड को ठीक करने के लिए अपनाएं ये उपाय, जल्द मिलेगा आराम

**लोगों की जीवनशैली में बदलाव की वजह से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसमें थायराइड को भी शामिल किया जा सकता है। हमारी गर्दन के ठीक नीचे थायराइड ग्रंथि होती है, यह ग्रंथि थायराइड नामक हार्मोन बनाती है। लेकिन, जब ग्रंथि के कार्य प्रभावित होते हैं, तो इससे थायराइड हार्मोन में अधिकता या कमी हो सकती है। अगर, इस स्थिति का इलाज न किया जाए तो इससे व्यक्ति के सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। साथ ही, अन्य रोगों का जोखिम बढ़ जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार थायराइड ग्रंथि टी1 और टी4 हार्मोन रिलीज करती है। लेकिन, इन हार्मोन्स में गड़बड़ी से मेटाबॉलिज्म प्रभावित हो सकता है। इसकी वजह से व्यक्ति के शारीरिक कार्य प्रभावित होते हैं। डायटिशियन मानसी ने अपने इंस्टा अकाउंट में लोगों के लिए थायराइड ग्रंथि के कार्य में सुधार के लिए कुछ घरेलू उपायों को शेयर किया है। आप भी इन उपायों को अपनाकर थायराइड की समस्या को कम कर सकते हैं।**

### थायराइड ग्लैंड को ठीक करने के घरेलू उपाय -

### वर्जिन कोकोनट ऑयल

थायराइड ग्रंथि के कार्य को ठीक करने या सुधारने के लिए आप वर्जिन कोकोनट ऑयल का इसेतमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप डाइट में रोजाना कोकोनट ऑयल को शामिल कर सकते हैं। इसकी एक चम्मच का सेवन आप खाली पेट कर सकते हैं। इससे थायराइड हार्मोन को सामान्य करने में मदद मिलती है।

### हल्दी

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आपको कई तरह की समस्याओं से दूर रखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही, यह शरीर के अंगों के समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन हार्मोन ग्रंथि के कार्य में सुधार कर सकती है। इसके लिए आप एक कप पानी में करीब एक चुटकी हल्दी डालकर सेवन कर सकते हैं। लेकिन, यदि आपको अन्य समस्या है तो आयुवेर्दाचार्य से सलाह के बाद ही हल्दी का सेवन करें।

### हरी सब्जियों का सेवन करें

हरी सब्जियों में कई विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। यह विटामिन थायराइड को ठीक करने में मदद करने के साथ ही, मेटाबॉलिज्म को भी बूस्ट करता है। इसके लिए आप हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करें।

### कद्दू के बीज

कद्दू के बीज में जिंक पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। कद्दू के बीजों को डाइट में शामिल कर आप थायराइड की समस्या को दूर कर सकते हैं। साथ ही, सेहत से जुड़ी अन्य समस्याओं के जोखिम को कम कर सकते हैं।

### त्रिफला और अश्वगंधा

आयुर्वेद में त्रिफला और अश्वगंधा के फायदों के बारे में बताया गया है। यह शरीर की कई समस्या को दूर करने और एनर्जी को बढ़ाने में सहायक होते हैं। थायराइड के टी3 ओर टी4 हार्मोन को बैलेंस करने के लिए आप इन दोनों ही औषधियों का सेवन कर सकते हैं। लेकिन, इसके इस्तेमाल करने से पहले आयुवेर्दाचार्य की सलाह अवश्य लें।



# खाली पेट कुलथी की दाल खाने से सेहत को मिलते हैं ये 8 फायदे, जानें खाने का सही तरीका

**पोषक तत्वों से भरपूर कुलथी की दाल सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है, इसका सेवन कई तरह की गंभीर बीमारियों को कंट्रोल करने में सहायक साबित हो सकता है। कुलथी की दाल में पोषक तत्वों और प्रोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जिस वजह से इसके सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।**

कुलथी दाल का सेवन ज्यादातर लोग लंच या डिनर में करते हैं लेकिन अगर आप कुलथी दाल को रातभर भिगोकर सुबह इसका सेवन करेंगे तो इससे आपको अनेक लाभ मिलेंगे। इसके सेवन से न केवल वजन कंट्रोल हो सकता है बल्कि पेट से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो सकती हैं। इस लेख में रामहंस चेरिटेबल हॉस्पिटल के आयुर्वेदिक डॉक्टर श्रेय शर्मा खाली पेट कुलथी खाने के फायदे बता रहे हैं।

### खाली पेट कुलथी खाने के फायदे -

- कुलथी दाल में प्रोटीन के साथ-साथ फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड के साथ कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो आपके शरीर को हेल्दी रखने में सहायक होते हैं। विटामिन, खनिज के साथ घुलनशील फाइबर से भरपूर कुलथी की दाल का खाली पेट सेवन आपको कई शारीरिक समस्याओं के बचा सकता है।
- खाली पेट भीगी हुई कुलथी या कुलथी का पाउडर पानी के साथ लेने से सेहत को अनेक लाभ मिलते हैं। इसके सेवन से पाचन प्रणाली को सुधारा जा सकता है और पेट से जुड़ी समस्याओं को कम किया जा सकता है।
- खाली पेट कुलथी का सेवन करने में मदद कर सकता है। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे भूख कम लगती है।
- कुलथी दाल में मौजूद फाइबर और प्रोटीन शरीर में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। रोजाना सुबह कुलथी दाल का सेवन मैनेजमेंट में सहायक हो सकता है।
- कुलथी के सेवन से पेट संबंधी समस्याओं जैसे कि कब्ज, गैस और अपच को कम किया जा सकता है।



- कुलथी में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य श्वसन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं।
- कुलथी में कई तरह के विटामिन्स के साथ फॉलेट, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फोरस और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो शरीर को हेल्दी रखने में सहायक होते हैं।
- कुलथी के नियमित सेवन से शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित किया जा सकता है और हृदय स्वास्थ्य यानी हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाया जा सकता है।
- रोजाना खाली पेट कुलथी के सेवन का अच्छा असर स्किन और बालों पर भी दिखाई देता है। इससे स्किन बेहतर होती है और बालों को भी पोषण मिलता है।
- कुलथी के पाउडर को या 2 चम्मच कुलथी की दाल को रातभर के लिए 1 गिलास पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इस पानी को पिएं और साथ में भीगी हुई दाल खाएं, अगर आपने इसका पाउडर भिगोया है तो आप पानी में मिक्स करके इसे पी सकते हैं।

ध्यान दें कि हर व्यक्ति का शरीर उसकी आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न होता है, इसलिए किसी भी तरह की नई शुरूआत से पहले डॉक्टर से परामर्श करना उचित होता है।

## यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 90

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | 8 | ■ | 9 | | ■ |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | 12 |
| 13 | 14 | | ■ | | ■ | 15 | |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | | ■ |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | |

**बाएं से दाएं :** 1. ऋतु 4. धर्म, धार्मिक संप्रदाय 7. असरकारी, प्रभावकर 9. बायां 10. खूबसूरत, सुंदर शक्ल वाला 13. एक लचीला पदार्थ 15. टेढ़ा, तिरछा 16. लेबल, सतह 17. प्रलय, आफत 19. हिंदी का एक महीना 20. सीताजी, जनक नंदिनी 22. दीवार 23. आंख का आवरण, नयनपट 25. टोका सहित, समतल 26. विजय, फतह

**ऊपर से नीचे :** 1. अवसरवादी 2. श्रीमानजी अंग्रेजी में 3. घमंडी, अभिमानी 5. तरुण, युवा 6. मैं का बहुवचन 8. पर को उलटिए 11. वारदात, घटना 12. चिंता, परवाह 14. बारिश, वर्षा 15. देश, मुल्क 17. कान के अगल-बगल की जगह 18. उपहास, हंसी 21. मूल्य, भाव 22. पांडवों के भाइयों में से एक 24. अवसर, चांस

## मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएं और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएं किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 1 | | 5 | 2 |
| | | 6 | | 4 | |
| | 3 | | | 6 | 4 |
| 4 | 6 | | | 1 | |
| | 5 | | 4 | | |
| 2 | 1 | | 5 | | 6 |

## छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएं और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएं किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | | 1 | |
| | | | 3 |
| | 4 | | |
| 2 | | | |

कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 |

कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 1 | 5 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 1 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 6 | 1 | 5 | 2 |

## सूडोकु नवताल- 90

★★★☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | 5 |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

## वर्ग पहेली क्र. 89 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कौ | स | ल्या | ■ | द | वा | खा | ना |
| र | म | ■ | दे | र | ■ | द | म |
| व | त | न | ■ | का | ली | ■ | ज |
| ■ | ल | ल | का | र | ■ | खे | द |
| ज | ■ | नी | र | ■ | म | ति | ■ |
| म | ह | ल | ■ | ह | ला | ह | ल |
| घ | र | ■ | रा | म | ■ | र | म |
| ट | ■ | ब | ह | ला | ना | ■ | हा |

## सूडोकु नवताल - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# महाकुंभ 2025 : मंडलायुक्त ने कार्यों का किया निरीक्षण

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सम्बंधित अधिकारियों संग किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मंडलायुक्त

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

ने सर्वप्रथम जल निगम द्वारा मौजूदा 16 एमएलडी झूंसी एसटीपी परिसर में 50 केएलडी फीकल स्लज सह-उपचार संयंत्र बनाने के कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान रीटेनिंग वॉल के राफ्ट के सुदृढीकरण को और बेहतर बनाते हुए कार्यों में प्रयोग हो रहे मैटीरियल की थर्ड पार्टी से निरंतर जांच कराते रहने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने हेतु दो शिफ्ट में मैनपावर तैनात करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में झूंसी की ओर बनाई जा रही सीवर लाइन से सम्बंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया।



प्रावधान के अनुरूप क्रमवार कॉम्पेक्टेड लेयर में बैकफिलिंग कार्य निष्पादित करने, दो शिफ्ट में मैनपावर तैनात करने तथा साइट-ऑर्डर बुक में निर्देशों को और स्पष्ट रूप से इंगित करने का निर्देश उन्होंने दिया। तत्पश्चात उन्होंने 2700 मीटर लम्बे काली रैंप से छतनाग इंटरलॉकिंग एप्रोच रोड को जोड़ने के लिए कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया, जिसके अंतर्गत साइट से रिजेक्टेड

**मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम जल निगम द्वारा मौजूदा 16 एमएलडी झूंसी एसटीपी परिसर में 50 केएलडी फीकल स्लज सह-उपचार संयंत्र बनाने के कार्यों का निरीक्षण किया।**

जीएसबी को तुरंत निस्तारित करते हुए साइट पर स्टेज पासिंग रजिस्टर, चेकलिस्ट, सामग्री परीक्षण रिपोर्ट-रजिस्टर बनाए रखने के निर्देश दिए।

# बीएसए पर लगा दस हजार का हर्जाना

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर पर 10 हजार रूपए का हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने यह हर्जाना उनके द्वारा आधा-अधूरा हलफनामा दाखिल करने और सवाल उठने पर वापस लेकर बेहतर हलफनामा दाखिल करने का समय मांगने पर लगाया है। कोर्ट में हाजिर बेसिक शिक्षा अधिकारी को दुबारा 30 अप्रैल को हाजिर रहने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने कुमारी मीना देवी की याचिका पर दिया है। कोर्ट के निर्देश पर अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता आशीष कुमार नागवंशी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी की हाजिरी माफी सहित उनका हलफनामा दाखिल किया। कहा कि संबद्ध मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है।

# भीषण आग में कई परिवारों की झोपड़ियां जलकर हुई राख

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के खेवसर (कुड़िया) यादव बस्ती में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण

### चपेट में आकर दो मवेशी भी झुलसे

### कड़ी मशक्कत से पाया गया काबू

आग में कई परिवारों की झोपड़ियां आग की भेंट चढ़ गईं। हवा इतनी तेज थी कि किसी को कुछ करने का मौका ही नहीं मिला। आग ने लोगों की वर्षों की मेहनत और कमाई को जलाकर राख कर दिया। दो मवेशी भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। फायर ब्रिगेड और दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। शुक्रवार की दोपहर पूरी बस्ती के लोग अपने घरों में आराम



कर रहे थे। इसी बीच बस्ती की एक झोपड़ी से निकलती आग की लपटों को देख लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। आग और हवा की जुगलबंदी इतनी तेज थी कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। आग तेजी से बढ़ी और कुछ ही देर में एक के बाद एक पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। उनके व ग्रामीणों के घंटों की मशक्कत से आग शांत हुई। घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर उच्चाधिकारियों को घटना के संबंध में जानकारी दी।

# कानपुर जा रहा लाखों का गांजा बरामद

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**मिर्जापुर।** कोतवाली अहरौरा व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम ने लगभग 45 लाख का अवैध गांजा पकड़ा है। टीम ने

### दो तस्कर वाहन के साथ गिरफ्तार

बरामद गांजे के साथ तस्करी में प्रयुक्त वाहन के साथ दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई में अहरौरा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

सूचना के आधार पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग कर एक ट्रक में सवार दो गांजा तस्कर राम सिंह पुत्र छेदी लाल सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व धर्मवीर सिंह पुत्र हरेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम बरी पोस्ट किच्छा थाना फुलवट्टा जनपद उधमपुर, उत्तराखण्ड को पकड़ा है। ट्रक की तलाशी में कच्चे नारियल के पीछे छिपाकर रखा हुआ कुल 152 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।



# युवक गंगा में डूबा

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बलिया।** रेवती थाना के रेखहां छपरा सारिव निवासी छोटेलाल शाह का पुत्र नंदलाल (20) अपनी बहन व भाई के साथ पड़ोसी शिवशंकर यादव के लड़के के मुंडन समारोह में भाग लेने घाट पर पहुंचा था। ओहार के रस्म के दौरान सभी लोग नदी पार जा रहे थे। नाव में नंदलाल भी बैठ गया, नाव किनारे पहुंचने से पूर्व मना करने के बावजूद नंदलाल नहाने के लिए नदी में कूद गया, पानी ज्यादा होने के कारण डूब गया। उसे डूबता देख घाट पर खलबली मच गई।

# आग से जलकर किशोर की मौत

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**देवरिया।** सुरौली क्षेत्र के सिसवा पाण्डेय-नकडीह मार्ग पर हरिजन बस्ती से सटे एक व्यक्ति के खेत में शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे गेहूं के डंठल में आग लग गई। तेज पछुआ हवा के चलते कुछ ही देर में आग ने सुरौली हरिजन बस्ती को अपनी आगोश में ले लिया। आग लगते ही बस्ती में चीख-पुकार मच गई। उसी दौरान टिनशेड के मकान में सो रहे मोहन प्रसाद के बेटे लक्ष्मन (15) और भरत (5) आग की चपेट में आ गए। लक्ष्मन ने किसी तरह से छोटे भाई भरत को बाहर निकाल दिया और खुद टिनशेड में बंधी गाय को खोलने लगा। उसी दौरान घर में रखा दो सिलेंडर भी फट गया, जिससे एकाएक आग विकराल हो गई और गाय समेत लक्ष्मन की जान चली गई।

# पुलिस ने वाराणसी के मेहंदीगंज से लापता बच्चे को किया बरामद

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के बंधवा गांव में मां के साथ सो रहा छह महीने का बच्चा गुरुवार की भोर में गायब हो




गया था। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह वाराणसी जनपद अंतर्गत राजातालाब थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में सड़क किनारे ईमली के पेड़ के नीचे से बच्चे को बरामद कर परिजन के हवाले किया। घर से कई किलोमीटर दूर छह माह का बालक कैसे पहुंचा, यह जांच

### गुरुवार की भोर में हो गया था गायब

का विषय है। जानकारी के मुताबिक, पचराव निवासी संदीप कुमार गोड़ पत्नी पूजा गोड़ के साथ लखनऊ में रहता है। पूजा पति के साथ दो दिन पूर्व अपने मायके बंधवा गांव आई थी। बुधवार की रात भोजन कर अपने छह महीने के बच्चे के साथ कमरे में सोने चली गई। गुरुवार की भोर में पूजा की नींद खुली तो बच्चा बिस्तर पर नहीं था। घर में खोजबीन के बाद अगल-बगल तलाशा, लेकिन बच्चे का पता नहीं चला।

# भूसे के ढेर में मिला लापता युवक का शव

**यशोभूमि/ एजेंसी**

**मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में दो दिन पूर्व बारात से लापता हुए युवक का शव शुक्रवार को घर से आधा किलोमीटर दूर खलिहान स्थित मड़हे में रखे गए भूसे के ढेर में पाया गया। नौगवां गांव निवासी अजय कुमार का शव घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर खलिहान में मड़ाई कर रखे गए भूसे के ढेर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

# अवैध गांजे के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**प्रयागराज।** पुलिस और एसटीएफ की लखनऊ इकाई ने एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार की सुबह करीब 362 किलोग्राम अवैध गांजे की खेप पकड़ी और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) अभिषेक भारती ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान ललित सिंह, जगदीश जायसवाल और गुलाम हसन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ये तीनों अभियुक्त ओडिशा के सुंदरगढ़ से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बेचते थे, उनके पास से बरामद 362 किलोग्राम गांजे का अनुमानित मूल्य करीब 25 लाख रुपये है। भारती ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और ऐसा प्रतीत होता है कि हाल में तस्करी शुरू की है। पुलिस आरोपियों से गांजे की तस्करी में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।



## रियल इस्टेट

# नया घर खरीदने से पहले रखें कई बातों का ख्याल, नहीं होगी कोई परेशानी

अपना खुद का घर खरीदना हर व्यक्ति का सपना होता है। घर खरीदने में व्यक्ति के जीवन की सारी जमा पूंजी खर्च हो जाती है। ऐसे में कोई भी चूक बड़ी महंगी साबित हो सकती है। इसलिए, किसी तरह की गड़बड़ी या धोखाधड़ी न हो, प्रॉपर्टी से जुड़ी सभी जानकारी जरूर ले लेनी चाहिए। यदि



आप भी कोई नया घर, दुकान या फ्लैट खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।



इसके लिए एक घर खरीदने की चेकलिस्ट (होम बाईंग चेकलिस्ट) आपकी मदद कर सकती है। अब आप सोच रहे होंगे आपको (होम बाईंग चेकलिस्ट) की आवश्यकता क्यों है? घर खरीदने का निर्णय लेने में बहुत समय और धैर्य की आवश्यकता होती है। ऐसा इसलिए कि कई बार हम अनजाने में ही कोई गलत कदम उठा सकते हैं या फंस सकते हैं। घर खरीदने की चेकलिस्ट से आपको अपनी योजना बनाने में मदद मिलती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए हम आपको कुछ बातें बता रहे हैं जिन्हें घर खरीदते वक्त ध्यान में जरूर रखना चाहिए।

### घर खरीदने की चेकलिस्ट (होम बाईंग चेकलिस्ट)

घर खरीदते समय ध्यान रखे जानेवाली ये आसान बातें आपको घर खरीदने में काफी मदद करेंगी। यहां



हमने कई बातें बताई हैं जो आपको घर खरीदने से पहले देखनी चाहिए।

### आप का बजट :

घर खरीदते समय सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बजट तय करना है। आपको वह राशि तय कर लेनी चाहिए जो आप बिना किसी परेशानी के घर खरीदने के लिए खर्च कर सकते हैं। डाउन पेमेंट करने हेतु अपनी सारी बचत का इस्तेमाल करें और अगर आपके पास पर्याप्त कैश नहीं है तो आप होम लोन ले सकते हैं। बेहतर ऋण विकल्पों के लिए विभिन्न बैंकों से संपर्क करें। यदि आप किसी बैंक के कर्मचारी हैं, तो आप बैंकों द्वारा अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली आकर्षक सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### उपयुक्त लोकेशन का चयन:

उन इलाकों को शॉर्टलिस्ट करें जहां आप निवेश करना या घर खरीदना चाहते हैं। अपने परिवार के सदस्यों से उनकी सुविधा और पसंद के बारे में बात करें। यदि आप और आपकी पत्नी काम कर रहे हैं, तो अपने अपने ऑफिस से दूरी देख लें और यह भी आकलन करें कि यहां से आपके बच्चे को स्कूल आने



में कितना समय लगेगा। यदि आपके घर में कोई बुजुर्ग है, तो अस्पताल, बैंक व आसपास के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद होनी चाहिए। सड़क के पास घर लेना हमेशा लाभदायक होता है क्योंकि आपको सार्वजनिक परिवहन तुरंत उपलब्ध होते हैं। इलाके के बारे में जाने , वहां रहने वाले लोगों से बात करें और पानी व बिजली की उपलब्धता, इलाके में आने वाली परियोजनाओं आदि के बारे में पूछताछ करें। पसंद की लोकेशन चुनना आवश्यक है क्योंकि इससे संपत्ति के पुनर्विक्रय की कीमत बढ़ती है।

### डॉक्यूमेंट की जांच कर लें:

यदि आप कोई रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो बिक्री विलेख की जांच करना न भूलें। बिक्री विलेख की जाँच करना घर खरीदने से पहले सबसे जरूरी है क्योंकि यह ऐसा कानूनी दस्तावेज है जो संपत्ति की बिक्री तथा हस्तांतरण का प्रमाण है। विलेख पर हस्ताक्षर करने से पहले इसे अच्छी तरह से जांच करें।

## JOB चाहिए

अंधेरी मरोळनाका - गोरेगाव में हाऊसकिपिंग काम के लिए लडके चाहिए। पगार/ पीएफ/ विमा/ बोनस, तुरंत संपर्क करें : 9930405908/ 9870502626
MUM2024B.2102459309

गोरेगाव वेस्ट में - लाइटनिंग साइट काम के लिए महिला/ लडकी चाहिए। 9892775140
MUM2024B.2102456830

अंधेरी और राम मंदिर में लोडिंग/ अनलोडिंग के काम के लिए लडके चाहिए। पगार - 11700/- + PF+ ESIC, बोनस सुविधा सहित ड्युटी 8 घंटे। संपर्क : 8108185160/ 7208857014
MUM2024B.2102459867

टुरीस्ट ड्राईवर चाहिए। पगार 19000/- + भत्ता+ OT , रुम है। 9820943077
MUM2024B.2102458973

एयरपोर्ट हेतु पक्की भर्ती, रहना+खाना+मेडिकल+इंशोरेंस, 42490-72560, एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ड्राईवर, ग्राउंडस्टाफ-9896052108, 9253096092
NAG2024R.702458315

ठाणे शिव हर्बल क्लिनिक में पार्टटाईम लेडिज/ हेल्पर चाहिए। 9892295925
MUM2024B.2102459826

Youtube चैनल SMP Sangeet के लिए हमें भोजपुरी गायक, अभिनेता, अभिनेत्री और गीतकार की आवश्यकता है। कृपया 9819420078 पर संपर्क करें।
MUM2024S.5502457488

5 स्टार हॉटेल काम के लिए किचन उटीलिटी बॉयेस, हाऊसकिपिंग, वेटर चाहिए। 9867974665, 9892120668
MUM2024B.2102459313

ब्रिटानिया कंपनी सेल्समैन चाहिए! वेतन - १३००० + ७०००, १० पास, क्षेत्र - ठाणे संपर्क ९८३३३४९१२४/ ७३०३४७७५८८
MUM2024S.5502457716

Reqd Salesman (Male) Product : Fire Extinguisher (Salary + Conveyance). Yesbee Fire Services, Vakola, Santacruz (E). Mob. : 7666866221
MUM2024B.2102458657

मालाड ईस्ट में प्रिंटिंग प्रेस में हेल्पर कम डिलीवरी बॉईज चाहिए। 9892106609
MUM2024B.2102457200

भिवंडी के लिए लोडर चाहिए, ड्युटी 12 घंटे, पगार 15000/ - , + रहने की सुविधा+ OT मिल सकता है। संपर्क : 9930487961
MUM2024B.2102458949

वसई ईस्ट स्टेशननजीक, रबर फॅक्टरीमें अनुभवी/ बिनअनुभवी, वर्कर, हेल्पर चाहिए। सीकॉ इंडस्ट्री, न्यू शैलेश इंडस्ट्री नं. 1, नवघर फायर ब्रिगेडनजीक, गीत गोविंद सामने, नवघर रोड, वसई (पुर्व), संपर्क : जगदिश जोशी : 7021015472
MUM2024B.2102459600

नाशिक सिटीमे सलून काम करने के लिए कारागीर चाहीए मो. 9890727679
DHU2024S.1202459908

**मिठाई की दुकान में अनुभवी हाऊसकिपिंग के लिए लडका चाहिए। पगार 11800/ - सांताक्रुझ. 9699927271**
MUM2024B.2102458962

कॉटनग्रीन प्रिन्टींग प्रेसमे कोमोरी 428 मशीन पर प्रिंटर(फुलटाईम) चाहिए। 7977798755
MUM2024B.2102458931

गिरगाव - चर्नीरोड (पूर्व) में ऑफसेट - RYOBI 25 X 36 4 कलर मशीनकेलिए अनुभवी फिडरमन और बॉयलर चाहिए जागृती प्रिंटींग प्रेस संपर्क : 9967658262
MUM2024S.5502458065

सेफ सिक्युरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए रहने खाने कि सुविधा 9967766651
MUM2024B.2102453106

मार्केटिंग और डिलिवरी के लिए लडके चाहिए। बोरीवली (वेस्ट) : 9324698843
MUM2024B.2102459835

गोरेगाव यहाँ इंडियन/ चायनिज, ऑल राऊंडर कूक चाहिए। संपर्क : 8153994283
MUM2024B.2102459623

सिक्युरिटी गार्ड्स और ठेकेदार चाहिए। महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्य में, रहने खाने की निशुल्क सुविधा, आकर्षित वेतन। संपर्क : 8050153999/ 0831 - 3500691
MUM2024B.2102459295

रु. 200 प्रति घंटा। घरकाम (झाडू, पोछा, कपडे सुखाना) आपके घर के नजीदक रोज काम मिलेगा। सिर्फ महिलाओं के लिए। सुबह 10.00 से शाम 7.00। संपर्क : 9372496984/ 9372486073
MUM2024B.2102455948

## यशोभूमि CLASSIFIED 8108110772

सिक्युरिटी -HK कं. चाहिए - सेल्स/ मार्केटिंग मॅनेजर, टेलीकॉलर, रिक्रुटमेंट ऑफिसर,ऑपरेशन/ एरिया मॅनेजर, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटीगार्ड, सुपरवायझर, हाऊसकिपिंग लडके/ लडकियां - 7208004613/ 14, 9223380568/ 69
MUM2024B.2102438032

Required Technician & Helper for AC repairs work at Sion Cont-9082341848
MUM2024B.2102459558

दहिसर चेकनाका के पास प्रिंटिंग प्रेस के लिए SEYPA 115 कटिंग मशीन कटर, पंचिंग ऑपरेटर, हेडलबर्ग सिंगल कलर बॉयलर, हेल्पर तुरंत चाहिए। कॉल : 9819964973
MUM2024B.2102458987

आयुर्वेदिक कंपनी में जोडोंका दर्द और पीठ दर्द तेल और रोल - ऑन ब्रिकी के लिए लड़के और लड़कियाँ चाहिए तनखा १५०००/- महिना अंधेरी मो 8655343719
MUM2024S.5502458351

भूमी वर्ल्ड, कल्याण - भिवंडी बायपास में अनुभवी स्क्रीन प्रिंटर चाहिए। जागृती प्रिंटींग प्रेस. संपर्क : 9967658262
MUM2024S.5502458055

ठाणे में बार रेस्टोरन्ट के लिए रसोई/ कुक/ किचन हेल्पर/ मोरीवाले/ वेटर चाहिए। संपर्क : 8652228882
MUM2024B.2102458982

खारघर (नवी मुंबई) में अनुभवी ड्रायव्हर चाहिए। समय सुबह 7.30 से शाम 7.30। संपर्क : 9833408686
MUM2024B.2102459265

गिरगाव - चर्नीरोड (पूर्व) में डिजिटल प्रिंटींग मशीन के लिए अनुभवी डीटीपी ऑपरेटर चाहिए जागृती प्रिंटींग प्रेस संपर्क - 9967658262
MUM2024S.5502458068

सिक्युरिटी गार्ड चाहिए। पगार 12000/ - से 22000/ - रहने की जगह फ्री। मीरा, भाईन्दर मुंबई : 7208008585/ 8433512761 ( KSSS )
MUM2024B.2102458943

ड्रायव्हर्स चाहिए ! मुंबईमें एव्हरेस्ट फ्लीट CNG कार चलाएं और प्रतिमाह रु. 35000* कमाएं !! +91 9324914543 पर कॉल करें !
MUM2024B.2102453722

घरकाम केलिये महिलाये, लड़कियाँ, लड़के, युगल, नर्स, हॉटेल स्टाफ, जापामेड, वेटर, हेल्पर कूक रहना खाना फ्री 8976034958/ 8976034959
MUM2024S.5502451507

सिक्युरिटी गार्ड चाहिए (बोरीवली से पालघर) तक के लिए, 12 घंटे ड्युटी, रहने, खाने की सुविधा, पगार - 11000 - 15000/ - 7977729903
MUM2024B.2102459589

कांदिवली (प.)/ मालाड (प.) में वडा तलने के लिए कारीगर चाहिए। संपर्क : 9867957239
MUM2024B.2102458622

होटल में मिठाई बनाने के लिए कारीगर और हेल्पर चाहिए। तनखा 9000 से 14000 तक, फोर्ट. संपर्क : 9833009463
MUM2024B.2102459855

मालाड इस्टमें प्रिंटिंग प्रेसमें अनुभवी DTP ऑपरेटर गुजराती, मराठी, हिंदी टाईपिंग - डिझाईनिंग के अनुभवी चाहिए। पगार 17000/ - संपर्क : 9892106609
MUM2024B.2102457150

विरार ईस्ट में चाहिए एमएस वेल्डर, फिटर, फॅब्रीकेशन कॉन्ट्रक्टर संपर्क करें। 9323165760/ 9769759167
MUM2024B.2102458628

सिक्योरिटी गार्ड चाहिए, कोई भी शुल्क भरने की जरुरत नही, मीरा रोड से बांद्रा तक, सैलरी 12000 से 16000, ड्युटी 12 घंटे, रहने - खाने की सुविधा है. संपर्क : 7718871590/ 7718871597
MUM2024B.2102459626

चाहिए - देशफायर इस कंपनीको फायर (अग्निशामक) का काम करनेवाले अनुभवी बिनअनुभवी कामगार चाहिए। ऑफिस अंधेरी : 7304825249
MUM2024B.2102456852

कांदिवली वेस्ट में मेडीकल दुकान के लिए लेडीज चाहिए। संपर्क करें - समय 2 से 5। Whatsapp करें - 9820656372
MUM2024B.2102459812

मुंबई प्राइवेट लिमिटेड कंपनीमें कारपेंटर, प्लंबर और इलेक्ट्रिशियन चाहिए। 9821818007 / 9320685808
MUM2024B.2102459561

सिक्योरिटी गार्ड चाहिए (पालघर - सफाले) के लिए, 12 घंटे ड्युटी, रहने - खाने की सुविधा, पगार - 14000 - 16000/ - 7304389333
MUM2024B.2102459587

## शिक्षासंबंधी

आयुर्वेदिक पंचकर्म ट्रेनिंग करें और कमाए कोर्स सिर्फ रु. 5000/ - में, T&C, NapAyurveda Panchkarma Institute, Borivali W, Mumbai : 8080159159
MUM2024B.2102459630

ADMISSION OPEN MBBS, MD, MS, BDS, MDS, BAMS, WORLD WIDE EDUCATION INDIA AND ABROAD, AMAN SIR, 9167195323
MUM2024S.5502458321

## जगह

बदलापूर (वेस्ट) स्थित नया कोरा पॉश 1 बीएचके फ्लॅट, 650 स्के. फुट ॲमिनिटीजके साथ तुरंत बेचना है। कि. 23 लाख संपर्क - 8850158025/ 7021408224
MUM2024S.5502458071

रु. 250/ - प्रति चौ. फूट मालकी जगह वाणगाव ( E ) बोईसर : 9322275029
MUM2024B.2102457175

रु. 250/ - प्रति चौ. फूट मालकी जगह/ तैयार रुम केळवे रोड : 8793004422
MUM2024B.2102457174

## फिल्म

सीधा शूटिंगमें जाओ, फ्रेशर 500/1200 रोज पाए, कंबाइन आर्टिस्ट एसोसिएशन, 955, आदर्शनगर, अंधेरी(वे) 9220943589 युनियनकार्ड रु. 3000/ -
MUM2024B.2102459246

## ज्योतिष

मुफ्त सलाह, कालीशक्तीके सम्राट, वशीकरण स्पेशालीस्ट, प्यार मे धोखा, प्यार जोडना तोडना, पतीपत्नी मतभेद, प्रेमविवाह, मुठकरणी. 8655095105, 8655092655
MUM2024B.2102455129

मायावी ज्योतिष. पुणे गृहक्लेश, वशीकरण करणीबाधा मुठचोट सौतन शत्रू लव्ह प्रॉ.9881111096/ 02024370996
PUN2024V.4302456054

पैसा काम होने के बाद, माया ज्योतिष 1 घंटा 101% रिजल्ट, प्यार मे धोखा, मनचाहा प्यार, शत्रुनाश, वशीकरण स्पेशालिस्ट घाटकोपर - वे. : 8233911191
MUM2024B.2102453476

फ्री सेवा ! A TO Z स्पेशा.शत्रू लव्ह प्रॉ.सौतन वशीकरण. घाटकोपर 9257880955
PUN2024V.4302456861

## कर्ज

## पाठकों हेतु नियम सूचना

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.
AUR2024SA002451972

## पाठकों को सूचना

### विशेष सूचना

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.
- प्रबंधक
AUR2024SA002451987

**क्लासिफाईड के लिए २ दिन पहले संपर्क करें**

**नियमित पढ़ें यशोभूमि**

